हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

सुमीत बाजार™

खूबसूरती, परंपरा और रॉयल अंदाज़,
सिल्क उत्सव में सब कुछ खास!

Pujo Silk Utsav

धागे से शुरू होती है, हर बुनाई,
पूजो से शुरू होती है, हर खुशी!

साड़ी, लहंगा
और ड्रेस मटेरियल

सलवार सूट, सूटपीस
एवं वेस्टर्न वियर

मेन्स फेस्टिव कलेक्शन
केजुअल एवं फार्मल वियर

किड्स ब्वॉयज, गर्ल्स
एवं न्यूबोर्न बेबी कलेक्शन

होम डेकोर एवं
हैण्डलूम

लगेज, बैग्स एवं
एसेसरीज

गृह उपयोगी सामान
एक छत के नीचे

फेस्टिवल एवं कार्पोरेट
गिफ्ट्स

नवरात्रि स्पेशल महिलाओं के लिये गरबा ड्रेस चनिया चोली उपलब्ध है

सिल्क साड़ी कलेक्शन

• प्योर सिल्क प्रिंट • गढ़वाल सिल्क • हैण्डलूम सिल्क • मदुराई सिल्क • पट्टू सिल्क • सिल्क एम्ब्रायडरी • तात सिल्क • बंगाली सिल्क • धरमवरम सिल्क • टसर सिल्क
• कांजीवरम सिल्क • बैंगलोर सिल्क • भागलपुरी सिल्क • बनारसी सिल्क • खिचा सिल्क • पैठनी सिल्क • कोसा एवं डिजाइनर साड़ियों का नवीनतम कलेक्शन

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

CUSTOMER CARE - 89820 44000
info@sumeetbazaar.com
WWW.SUMEETBAZAAR.COM

FOLLOW US

खबर संक्षेप

बाल विवाह रोकथाम और बाल संरक्षण में पंचायतों की अहम भूमिका : कलेक्टर



बिलासपुर। किशोर-किशोरियों के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ-एग्रीकोन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सरपंच, पंचायत सचिव एवं युवोदय के युवा वालंटियर्स ने भाग लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम और बच्चों की सुरक्षा में पंचायतों के साथ युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने गांवों में सक्रिय युवा वालंटियर्स तैयार कर उन्हें सामुदायिक कल्याण एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त एवं नशा मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। एसएसपी रजनीश सिंह ने नशा मुक्त ग्राम पंचायत के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और युवाओं के सामूहिक प्रयास को जरूरी बताया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बाल मित्र ग्राम पंचायत की अवधारणा समझाते हुए बच्चों के लिए संवेदनशील एवं सुरक्षित वातावरण विकसित करने पर जोर दिया।

विजय को देखने पहुंचे कांग्रेस के सह प्रभारी जांगिड़



बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगीड़ ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना दी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता समीर अहमद धनंजय सिंह, भोलू, विमल अग्रवाल रोहणी अग्रवाल आदि उपस्थित थे। ज्ञात होगी श्री केशरवानी मुंबई से इलाज कराकर लौटे हैं।

बृजेश 'साहित्य क्रान्ति सृजन सम्मान' से सम्मानित



बिलासपुर। गुना मध्यप्रदेश की साहित्यिक सामाजिक आध्यात्मिक संस्था 'दृष्टि' के तत्वावधान में भोपाल में आयोजित एक समारोह में डॉ.बृजेश सिंह को साहित्य क्रान्ति सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के उपक्रम में स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य आयुक्त निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश मनोज श्रीवास्तव तथा अध्यक्षता डॉ. राम सनेही लाल यायावर ने की। सारस्वत अतिथि की आसंदी पर अध्यक्ष हिन्दी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के विकास दवे थे। दृष्टि के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर के संयोजन में यह साहित्यिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. केवल कृष्ण पाठक, समीक्षक महेश चतुर्वेदी सहित उल्लेखनीय संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे।

केंद्रीय विवि में स्थानीय छात्रों के लिए 20 प्रतिशत सीट आरक्षित करने की मांग

बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर बिलासपुर प्रेस क्लब ने पहल की है। बुधवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष अजित मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।प्रेस क्लब अध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का प्रमुख एवं प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय है। प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए यह उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय विद्यार्थियों को केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है और उच्च शिक्षा के लिए उन्हें अन्य राज्यों का रुख करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित होने से प्रदेश के युवाओं को लाभ मिलेगा। देश के विभिन्न राज्यों के कुछ विश्वविद्यालयों में स्थानीय विद्यार्थियों के लिए सीट आरक्षण अथवा विशेष प्रावधान लागू है। इसी तर्ज पर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में भी छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के हित में व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जाना चाहिए।

40 साल की सेवा के बाद निगम के चीफ इंजीनियर और इंजीनियर रिटायर



बिलासपुर। नगर निगम के दो इंजीनियर 30 सितंबर बुधवार को रिटायर हो गए। निगम के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा और कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला को रिटायरमेंट पर विकास भवन में बधाई दी गई। गौरतलब है कि चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा स्मार्ट सिटी बिलासपुर के टैक्निकल मैनेजर भी रहे हैं। साथ ही उन्होंने शहर के विभिन्न प्रोजेक्ट में बतौर प्रभारी काम संभाला है। उन्होंने अगस्त 1986 में बिलासपुर नगर निगम में ज्वाइन किया था। लगातार यहां नौकरी में रहने के दौरान 2010-12 में दो साल के लिए कोरबा पोस्टिंग हुई थी। इसके बाद से वे बिलासपुर में ही सेवा दे रहे हैं। अपने 40 साल के सेवा अवधि में उन्होंने शहर के कई प्रोजेक्ट जैसे की संजय तरण पुष्कर में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, कोतवाली में मल्टीलेबल पार्किंग के साथ दूसरी परियोजनाओं पर काम किया। इसी तरह कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला ने बिलासपुर नगर निगम में अगस्त 1986 में सब इंजीनियर के तौर पर ज्वाइन किया।

यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन नहीं

दूसरे जोनल रेलवे ने कर दी है 102 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा

सारे पर्व करीब, एसईसीआर ने अब तक नहीं की स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व आने से पहले रेल प्रशासन की ओर से 100 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर दी गई है, जो सबसे अधिक रूट वाले स्टेशनों के बीच चलाई जाएगी। इन ट्रेनों की घोषणा में अब तक एसईसीआर जोन को शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण अक्टूबर व नवम्बर में पड़ने वाली दशहरा, दीपावली और छठ पर्व के लिए एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में वेटिंग लगातार बढ़ती जा रही है।

पितर पक्ष की समाप्ति और नवरात्रि व दुर्गा पूजा के बाद दीपावली एवं छठ पर्व मनाने के लिए प्रतिवर्ष लोग बाहर आना-जाना करते हैं। इसके कारण बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तीनों डिवीजन के स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ हावड़ा, बिहार,



उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र के लिए होती है। त्यौहार मनाने के लिए बाहर पढ़ने और काम पढ़ाई करने वाले बच्चों के साथ काम करने वाले लोग भी अपने घरों के लिए वापसी करते हैं। ट्रेन में भीड़ से बचने और आरामदायक सफर करने के लिए लोग दो माह पहले ही बुकिंग करना शुरु कर देते हैं, ताकि वेटिंग टिकिट से बच सकें। हर साल की तरह इस साल भी अगले माह से शुरु होने वाले पर्व के लिए अपनी घर वापसी और दूसरे स्टेशनों पर आने-जाने वालों ने बुकिंग करना शुरु कर दिया है, जिसकी वजह से संबंधित तिथि से दो माह बाद चलने वाली ट्रेनों की वेटिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ते जा रहा है। आफलाइन के अलावा आनलाइन टिकिट भी लोगों को कंफर्म नहीं मिल पा रही है। यात्रियों को भीड़ से बचाने और कंफर्म बर्थ की सुविधा देने के लिए रेलवे बोर्ड प्रतिवर्ष स्पेशल फेस्टिवल ट्रेन चलाने की घोषणा करती है। इन स्पेशल ट्रेनों में नार्मल बुकिंग किराए से 30 फीसदी अधिक राशि ली जाती है। इस वर्ष भी बोर्ड ने 100 से अधिक फेस्टिवल स्पेशल चलाने की घोषणा करने के साथ दूसरे जोन के यात्रियों को सुविधा तो दे दी है, लेकिन इन स्पेशल ट्रेनों को एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलाने व गुजरने का आर्डर अब तक नहीं आया है।

102 ट्रेनों की जारी की गई सूची

रेलवे की ओर से अक्टूबर से दिसम्बर के बीच करीब 102 स्पेशल ट्रेन चलाने की सूची जारी की गई है। इसमें अप और डाउन सर्विस को अलग-अलग गिना गया है। अप का मतलब बनाए गए स्टेशन से चलने वाली ट्रेन सर्विस से है, जबकि डाउन सर्विस का मतलब उसी ट्रेन की वापसी से है। रेलवे की इस लिस्ट में कुछ नई स्पेशल ट्रेन सेवाएं भी हैं, जबकि कुछ मौजूदा ट्रेनों के फेरे बढ़ाने के अलावा कुछ ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त कोच भी लगाए गए हैं।

जहां भीड़ उसी स्टेशन से स्पेशल

जोन मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा का कोई निर्देश अब तक आया है। नई दिल्ली, हावड़ा, मुम्बई, पुणे, प्रयागराज, बनारस के अलावा जिस रूट पर चलने वाली ट्रेनो में सबसे अधिक भीड़ रहती है, उसका आंकलन करने के बाद स्पेशल ट्रेनों को चलाने के साथ अतिरिक्त कोच, कुछ स्टेशनो में स्टापेज करने का विचार किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को पर्व के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नेहरू चौक पर प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का रैली प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आठ सूत्रीय मांग मोदी गारंटी लागू करने के लिए संघ के प्रांतीय निकाय के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ से संबद्ध संगठनों के कर्मचारियों का बुधवार बिलासपुर के नेहरू चौक में संभागीय प्रदर्शन हुआ। इसके बाद कर्मचारियों ने रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।

कर्मचारी संगठनों का संभागीय प्रदर्शन आज नेहरू चौक पर आयोजित किया गया था। इस दौरान कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष ओम त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व जारी जनघोषणा पत्र मोदी की गारंटी में किए गए वादे के अनुरूप प्रदेश के कर्मचारी एवं अधिकारियों की मांगों पर लगभग 3 वर्ष हो जाने के बाद भी उचित निर्णय नहीं लिए जाने से नाराज संघ द्वारा आज 8 सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। इन मांगों को लेकर भारी संख्या में नेहरू चौक विकास भवन के सामने कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। आज के इस धरना प्रदर्शन को संघ के प्रमुख संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, जीआर चंद्रा, प्रांतीय महामंत्री संतोष पांडे, हिमांचल साहू, बिलासपुर जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, जांजगीर वीएस परिहार, मुंगेली बिंदु भास्कर, रायगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष संजीव शेट्टी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ फकीरा यादव, शक्ति राधे लाल भारद्वाज, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही सचिन तिवारी एवं कार्यालय सचिव राजेश्वर वस्त्रकार के साथ अन्य संगठनों से रोहित तिवारी, डॉक्टर बीपी सोनी, रमेश द्विवेदी, संजय बंजारे, कमाल खान आदि शामिल थे।

प्राध्यापकों ने जताया आक्रोश

प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने की पेंशन बहाली की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने 1 सितम्बर 2026 को एक तुगलकी और दमनकारी आदेश जारी कर प्रदेश के अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 400 से अधिक प्राध्यापकों और कर्मचारियों की पेंशन अचानक बंद कर उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। इसके विरोध में सीएमडी कॉलेज एवं डीपी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने आज धरना प्रदर्शन कर इसे बहाल करने की मांग की गई।

सेवानिवृत्त प्राध्यापक संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. पीएस चौधरी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने मंत्रिपरिषद के निर्णय की गलत और मनमानी व्याख्या करते हुए पिछले सेवानिवृत्त शिक्षकों को 37 वर्षों से मिल रही पेंशन से भी वंचित कर दिया है। मंत्रिपरिषद के कार्यसूची-विवरण में उच्च शिक्षा विभाग का प्रस्ताव स्पष्ट रूप से यह था कि शत-प्रतिशत अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के पेंशनरों को जिस वेतनमान से वे सेवानिवृत्त हुए हैं, उसी वेतनमान के अनुरूप पेंशन एवं उपदान प्रदान किया जाए। मंत्रिपरिषद ने इस प्रस्ताव को नियमों में प्रावधान तथा लोकहित में न होने के कारण अमान्य किया तथा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में उचित विधिक पैरवी करने का परामर्श दिया। मंत्रिपरिषद के निर्णय में कहीं भी पहले से स्वीकृत और वर्षों से दी जा रही पेंशन को बंद करने का निर्देश नहीं है। इसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग ने 1 सितम्बर 2026 और 11 सितम्बर 2026 को आदेश जारी कर न केवल सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की वर्तमान पेंशन रोक दी।



व्यापारियों की चिंता पर सरकार का सकारात्मक रुख, 'नो यूपीआई डे' का आह्वान वापस

बिलासपुर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले कैट एवं अन्य व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल, व्यापारियों पर अतिरिक्त एमडीआर को लेकर की चर्चा गई। व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव हीरानंद जयसिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अजमानी, दिलीप खेंडेलवाल, जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय मित्तल, प्रमोद वर्मा, श्रीकांत पांडे, आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, अनिल राघवानी, प्रवीण सलूजा, हरदीप होरा, नितिन सलूजा, राजेश सैनी, मुकेश लालचंदानी, अरविंद वर्मा, संतोष पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि 2000 से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर देशभर के व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बीच आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक हुई।

कैट राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चैक सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर प्रस्तावित एमडीआर के संभावित प्रभावों से अवगत कराया। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष धैर्यशील पाटिल, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन कैलाश लाखयानी तथा ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा सहित विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक प्रमुख व्यापारिक नेता शामिल थे। बैठक के बाद ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन और ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने 2 अक्टूबर को प्रस्तावित "नो यूपीआई डे" के आह्वान को वापस लेने का निर्णय किया है। कैट ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार और व्यापारिक संगठनों के बीच संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ना सकारात्मक संकेत है। हीरानंद जयसिंह ने कहा कि व्यापार जगत डिजिटल भुगतान और न्ट्स की सफलता का पूर्ण समर्थन करता है। आशीष अग्रवाल और संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखने के आश्वासन का स्वागत किया है।

एसईसीएल मुख्यालय के 9 कर्मियों के सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई



बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए 9 कर्मियों को मुख्यालय स्थित सीएमडी कक्ष में सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक (तकनीकी) संचालन रमेश चंद्र महापात्र के मुख्य आतिथ्य, थे। सेवानिवृत होने वालों में कैलाश चंद्र साहू , महाप्रबंधक (खनन), अजय तिवारी, महाप्रबंधक (खनन), भूमिगत खदान विभाग विश्वजीत मोइत्रा, उप महाप्रबंधक (उत्खनन) आंतरिक अंकेक्षण विभाग राजेंद्र कुमार गुजर, सीनियर डीईओ, ए-1 वन विभाग, मुनिराम सतनामी, कार्यालय अधीक्षक निदेशक (मा. सं.) सचिवालय, शुभेंदु चटर्जी, वरिष्ठ तकनीकी निरीक्षक ए-1 गुणवत्ता नियंत्रण विभाग, मिनीश्वर प्रसाद जांगड़े, वरिष्ठ सुरक्षा निरीक्षक सुरक्षा विभाग, वृन्दावन, सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक सुरक्षा विभाग तथा तपोधन मिश्रा, फोरमेन इंचार्ज, ग्रेड–ए-1 इंदिरा विहार सब-स्टेशन को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहाँ के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं।

पांच साल से यात्री ट्रेनों का प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्टापेज बंद

बिलासपुर। पिछले कई सालों से रेल प्रशासन प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्टापेज दिए जाने वाली यात्री गाड़ियों को बंद कर मालगाड़ी को रोक रहा है। इसके कारण यात्री तो परेशान हो रहे हैं। वहीं लाखों रुपए का लायसेंस शुल्क पटाने वाले स्टॉल संचालकों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके लिए संचालकों की ओर से जोन के महाप्रबंधक के बाद अब केन्द्रीय राज्यमंत्री को भी पत्र लिखा है, ताकि प्लेटफार्म नम्बर एक पर ट्रेनों का स्टापेज फिर से शुरु किया जा सके।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने के लिए 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इसमें दो नए प्लेटफार्म बनाने की ओर भी काम किया जा रहा है। इस कार्य के पूरा होने के उपरांत प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। कई वर्षों से रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों को अनारक्षित और आरक्षित टिकिट काउंटर के अलावा वाहनों की पार्किंग, रिटायरनिंग और डारमेट्री, वेटिंग हॉल, वीआईपी रूम, सीटीआई रूम सहित आरपीएफ और जीआरपी थाना भी यहीं से संचालित किया जाता रहा है। यात्रियों को भी प्लेटफार्म नम्बर एक पर टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में सवार होने की सुविधा भी मिल जाती है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है, जिसके कारण यात्री भी परेशान हो रहे हैं। प्लेटफार्म नम्बर एक पर जहां पांच साल पहले हावड़ा-मुम्बई सहित अन्य ट्रेनों को मिलाकर 25 से 30 यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता था, वहीं यात्री ट्रेनों के बजाय प्लेटफार्म पर स्टापेज होने वाली लांग हॉल मिलाकर मालगाड़ियों की संख्या 30 से 35 के बीच और साप्ताहिक ट्रेनें मिलाकर यात्री ट्रेनों की संख्या केवल 10 में पहुंच गई है। बिलासपुर स्टेशन में हर आधे घंटे में डाउन लाइन पर 95 और अप लाइन पर 85 ट्रेनें मिलाकर एक मालगाड़ी का आगमन हो रहा है, जिसके कारण प्लेटफार्म नम्बर एक पर जगह नहीं बच पाती है।

कायाकल्प टीम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



बिलासपुर। मुंगेली जिला अस्पताल की आठ सदस्यीय डाक्टरों की कायाकल्प टीम ने जिला अस्पताल का भ्रमण कर स्वच्छता का निरीक्षण किया है। टीम ने अस्पताल में स्वच्छता व मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर संतुष्टि जताई है।

बुधवार को मुंगेली जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. राकेश कुमार के नेतृत्व में आठ सस्दयीय कायाकल्प टीम निरीक्षण करने जिला अस्पताल पहुंची। डाक्टरों की टीम के द्वारा मातृ शिशु अस्पताल के महिला वार्डों का भ्रमण कर जिला अस्पताल के मेल सर्जिकल, फिमेल सर्जिकल, जनरल वार्ड, प्रसूता वार्ड, आपरेशन थियेटर, पैथोलैब सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया गया। इसके अलावा वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिलने वाली सुविधा का जायजा लिया गया है। कायाकल्प टीम के प्रभारी मुंगेली जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. राकेश कुमार ने जिला अस्पताल की साफ सफाई व मरीजों को मिलने मिलने वाली सुविधाओं पर संतुष्टि जताई है।

सिम्स के लैब में ठेकाकर्मी ने मचाया हंगामा

सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार ठेकाकर्मी सूरज मानिकपुरी ब्लड जांच कराने के लिए सेपल लेकर पैथोलैब कलेक्शन सेंटर गया और सैंपल देकर जांच करने कहा। कर्मचारियों ने डाक्टर की पर्ची मांगी तो कर्मी बिना पर्ची के जांच करने दबाव बनाने लगा। मना करने पर सूरज मानिकपुरी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर जमकर हंगामा मचाया है। कर्मचारियों ने सूरज मानिकपुरी की डीन से लिखित शिकायत की है।

मध्यान्ह भोजन के बाद कर दी गई छुट्टी

शिक्षकों की हड़ताल, सफाई कर्मचारियों ने संभाली स्कूलों की कमान

बिलासपुर। प्रदेशभर में शिक्षक-कर्मचारी संगठनों की ओर से विभिन्न मांगों और 'मोदी की गारंटी' लागू करने की मांग को लेकर 30 सितंबर को आयोजित हड़ताल का असर स्कूलों में भी देखने को मिला। शिक्षकों के हड़ताल पर रहने के दौरान कई विद्यालयों में स्कूल सफाई कर्मचारियों ने मोर्चा संभालते हुए विद्यार्थियों की आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया। सफाई कर्मचारियों ने सुबह से दोपहर तक विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कर्मचारियों ने प्रार्थना से लेकर मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तक की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद अधिकांश स्कूलों खासकर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

छत्तीसगढ़ में 30 सितंबर 2026 को शिक्षक-कर्मचारी संगठनों की



राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान स्कूलों में एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जहां शिक्षकों की अनुपस्थिति में स्कूल सफाई कर्मचारियों ने कमान संभाली। प्रदेश भर में विभिन्न लंबित मांगों और 'मोदी की गारंटी' को लागू करने की मांग को लेकर बुलाए गए इस एक दिवसीय आंदोलन के कारण शिक्षक ड्यूटी से नदारद रहे। शिक्षकों की गैर-मौजूदगी में खास तौर पर कोटा ब्लाक में सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारियों ने न केवल ताले खोले, बल्कि बच्चों की सुबह की प्रार्थना से लेकर मध्यान्ह भोजन तक की पूरी व्यवस्था संभाली।

शासन के प्रति जताया अपना आक्रोश

इस दौरान स्कूलों का कामकाज संभाल रहे अंशकालीन सफाई कर्मचारियों ने भी शासन के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। उनका कहना है कि वे खुद पिछले 15-16 वर्षों से अपनी जायज मांगों (जैसे नियमितीकरण और पूर्णकालीन मानदेय) को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुध नहीं ली जा रही है। दूसरी ओर एक तरफ जहां शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है, वहीं छत्तीसगढ़ के लगभग 43,301 स्कूल सफाई कर्मचारियों ने भी अपनी मांगें पूरी न होने पर पहले ही सरकार को 30 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया हुआ था। सफाई कर्मचारी संघ की ओर से कहा गया है कि मानदेय में अपेक्षित वृद्धि, समय पर भुगतान सहित कई मांगों का समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

रोजगार मेले में 388 युवाओं का चयन, 11 युवाओं को मौके पर मिला ऑफर लेटर

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रोजगार विभाग द्वारा आज मॉडल आईटीआई कोनी में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न सेक्टरों से जुड़ी 18 कंपनियों ने लगभग 1765 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं ने मेले में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विभिन्न पदों के लिए 6624 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2970 आवेदक साक्षात्कार में शामिल हुए। कंपनियों द्वारा 765 आवेदकों को प्रारंभिक रूप से चयनित किया गया तथा 388 युवाओं का अंतिम चयन किया गया। रोजगार मेले में कमिश्नर सुनील कुमार जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर सुश्री डॉ. ज्योति पटेल उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का अवलोकन किया और नौकरी के लिए पहुंचे युवाओं से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं और नियोक्ताओं के बीच एक उपयोगी सेतु का काम करते हैं। एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी मिलने के साथ युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी पाने का अवसर मिलता है। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अलग-अलग कंपनियों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही मंच पर अनेक रोजगार विकल्प उपलब्ध होते हैं।

- 1765 पदों के लिए 18 कंपनियों ने की भर्ती प्रक्रिया, 2970 आवेदक हुए साक्षात्कार में शामिल

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



जवाली नाले के सड़क पर बनाए गए चेम्बर का दिखने लगा छड़। कभी भी हो सकती है दुर्घटना।



एयरपोर्ट में लेखापाल के लिए अभ्यर्थियों की सूची जारी

बिलासपुर। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, चकरभाठा में लेखापाल के पद पर संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। सूची को जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। दावा-आपत्ति 11 अक्टूबर को चकरभाठा एयरपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

मनरेगा बंद, सामग्री के 11 करोड़ का नहीं हो सका भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा योजना का नाम बदल गया है और मनरेगा की जगह पर अब विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी रामजी योजना आ गई है। लेकिन पुराने योजना मनरेगा का उधार चुकता हुए बिना ही नई योजना चालू हो गई है, पुरानी मनरेगा योजना के सामग्री का ही लगभग 11 करोड़ रुपए भुगतान बकाया है।

बिलासपुर जिले अंतर्गत ही चारों ब्लॉकों को मिलाकर मनरेगा योजना में सामग्री सप्लाई का लगभग 11 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। मनरेगा तहत विभिन्न निर्माण कार्यों में छड़, सीमेंट, रेत, गिट्टी आदि निर्माण सामग्रियों की सप्लाई की गई है, उसका बकाया भुगतान बढ़कर 11 करोड़ रुपए पहुंच गया है। मनरेगा योजना बंद होने वाला था इसलिए पहले ही योजना अंतर्गत कार्य स्वीकृत हो गए थे। मनरेगा योजना जून माह तक चला और सामग्री सप्लाई की गई। हालांकि मनरेगा के कुछ पुराने काम अभी भी चल रहे हैं। इन निर्माण कार्यों में जो सामग्री लगाई गई है, उसका भुगतान नहीं हुआ है। मनरेगा में सामग्री के करीब 5-6 महिने पहले फंड आया था, उसके बाद बीच में सामग्री भुगतान के लिए शासन से फंड ही नहीं आया है। सरपंच से लेकर रोजगार सहायक और सामग्री सप्लायर बकाया भुगतान के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला व जनपद पंचायत तक चक्कर काट रहे हैं।

24 लाख 74 हजार रुपए मजदूरी भी बाकी

मनरेगा पुरानी योजना का सामग्री का भुगतान बकाया तो है, साथ ही मजदूरों की भी मजदूरी मिलना बाकी है। बिल्हा जनपद पंचायत में 1 लाख 95 हजार रुपए, कोटा जनपद पंचायत में 3 लाख 61 हजार रुपए, मस्तूरी जनपद पंचायत में 11 लाख 24 हजार रुपए और तखतपुर जनपद पंचायत में 7 लाख 94 हजार रुपए मजदूरी बकाया है। इस तरह से देखा जाए तो बिलासपुर जिले में मनरेगा योजना के कुल 24 लाख 74 हजार रुपए मजदूरी बकाया है। मजदूरी बकाया कम होने के पीछे वजह यह बताया जा रहा है कि मजदूरी भुगतान के लिए मनरेगा में बीच में शासन से फंड आया था।

पिछले 5-6 महिने से नहीं आया सामग्री भुगतान के लिए फंड



जनपद पंचायतवार बकाया राशि

पुराने मनरेगा योजना तहत सामग्री जिले में जो भुगतान बकाया है, उसमें कोटा जनपद पंचायत में 185 लाख राशि, बिल्हा जनपद पंचायत में 176 लाख राशि, मस्तूरी जनपद पंचायत में 740 लाख राशि और तखतपुर जनपद पंचायत में 66.56 लाख राशि सामग्री का भुगतान बकाया है।

जुलाई से लागू हो गई वीबी-जी रामजी योजना

मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी नाम से नई योजना 1 जुलाई से लागू हो गई है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों के हिस्से की राशि और जुड़ेगी। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है। मतलब 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ेगी। विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान है।

फंड आते ही होगा भुगतान

मनरेगा पुरानी योजना तहत मजदूरी का ज्यादा बकाया नहीं है, किन्तु सामग्री का भुगतान बकाया है। सामग्री के लिए जल्द ही फंड आने की संभावना है और फंड आते ही भुगतान हो जाएगा।

- **संदीप अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत

कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट बनकर तैयार



62 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से किया जाएगा भुगतान

दीपावली तक मिलेगी सौगात, अहमदाबाद की कंपनी चलाएगी शहर में ई-सिटी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को ई सिटी बस सेवा की सौगात दिपावली तक मिल जाएगी। केन्द्र और राज्य के बीच इसके लिए अनुबंध हो गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने आरबीआई को क्लीयरेंस भी दे दिया है। इसमें भरोसा दिलाया गया है कि सिटी बस चलाने वाली कंपनी को 62 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। यह राशि किराए से नहीं मिलती है तो इसकी क्षतिपूर्ति राज्य शासन करेगी। इसके साथ ही बसों के संचालन के लिए एजेंसी भी तय कर दी गई है। अहमदाबाद की चार्टड स्पीड लिमिटेड कंपनी बसें खरीदेगी और वही चलाएगी। इधर केन्द्र द्वारा बिलासपुर को पहले दी गई साढ़े 8 करोड़ रुपए की राशि से कोनी में बस डीपो लगभग बनकर तैयार हो गया है। इसमें 5 करोड़ में बस डीपो, डेढ़ करोड़ में चार्जिंग स्टेशन और 2 करोड़ में सब स्टेशन बना है।

गौरतलब है कि योजना के तहत बिलासपुर में कुल 50 ई-बसें चलेंगी। पहले चरण में 9 मीटर लंबी 35 एसी बसों का संचालन होगा। प्रत्येक बस में 27 यात्री बैठकर और 15 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। सब स्टेशन के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य का 2 करोड़ का ठेका नरेंद्र चित्रकार को और सिविल वर्क का 6 करोड़ का ठेका अविनाश बिल्डकॉन को दिया गया है। इसमें सबसे पहले सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स काम शुरू किया गया है। इसके लिए 2500 केवीए का सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा और ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं।

- राज्य सरकार ने आरबीआई को दिया क्लीयरेंस, सिटी बसें नहीं चलीं तो शासन देगी पूरा किराया

साढ़े 5 एकड़ क्षेत्र में टर्मिनल कांप्लेक्स

गौरतलब है कि सिटी बस डिपो में कुल साढ़े 5 एकड़ एरिया में इलेक्ट्रिक बसों के हिसाब से टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है। यहां 13 चार्जिंग प्वाइंट, यात्री प्रतीक्षालय, वर्कशॉप ऑफिस, पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है। सिटी बस डिपो के सिविल इंफास्ट्रक्चर के लिए केंद्रांश 5 करोड़ 2 लाख, राज्यांश 3 करोड़ 35 लाख और पावर इंफास्ट्रक्चर के लिए 3 करोड़ 8 लाख मिलाकर कुल 11 करोड़ 45 लाख की नोडल एजेंसी सूडा द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

किराया और रूट सोसायटी तय करेगी



निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर सूडा नोडल एजेंसी है और शहरी स्तर पर जिला अर्बन सोसायटी इसका संचालन करेगी। पीएम ई बस सेवा के तहत बिलासपुर को 50 बस मिलनी हैं। ई बसों मिलने से पहले स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक बसों के लिए टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता दी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक ई-बस के वजन के हिसाब से पूरा स्टैंड बनाया जा रहा है। बस का रूट और किराया बिलासपुर पब्लिक सर्विस सोसायटी तय करेगी।

बसों के लिए प्रस्तावित रूट

पहला रूट : रेलवे स्टेशन, तारबाहर चौक से पुराना हाईकोर्ट होते हुए गांधी चौक, दयालबंद, जगमल चौक, देवरीखुर्द, लाल खदान, दरीघाट, मस्तूरी होते हुए मल्हार तक।

दूसरा रूट : रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक होकर महाराणा प्रताप चौक, तोरवा, हाईटेक बस स्टैंड, हाईकोर्ट के सामने बोदरी, चकरभाठा, हिरीं, बिल्हा मोड़ होते हुए बिल्हा तक।

तीसरा रूट : रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, कोनी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, सेंदरी, गतौरी, मरारी, रानीगांव, रतनपुर होते हुए खूंटाघाट तक।

चौथा रूट : रेलवे स्टेशन में मंदिर चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, सुभाष चौक, नूतन चौक, राजकिशोर नगर, मोपका, सीपत, कौड़िया होते हुए लुतरा शरीफ तक।

पांचवां रूट: रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, कलेक्टोरेट, मुंगेली नाका चौक, मंगला नाका, उसलापुर, सकरी, नेवरा, मोहनभाठा, पीपरतराई होते हुए कोटा तक।

छठवां रूट : बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, कलेक्टोरेट, मंगलानाका चौक, उसलापुर, सकरी, कानन पेंडारी, काठाकोनी होते हुए तखतपुर तक।

राज्य सरकार ने दे दिया है क्लीयरेंस

केन्द्र से ई-बसें मिलने के बाद जल्द ही शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। इसके लिए 2500 केवीए के विद्युत सब स्टेशन का काम पहले पूरा कराया जा रहा है। चार्जिंग प्वाइंट भी बना लिया गया है। राज्य सरकार ने आरबीआई को क्लीयरेंस भी दे दिया है।

- **अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी सिटी बस

युक्तियुक्त कारण और पदोन्नति में गड़बड़ी

शिक्षा विभाग का क्लर्क सस्पेंड

बिलासपुर। जिला शिक्षा विभाग में बहुचर्चित युक्तियुक्तकरण और पदोन्नति फर्जीवाड़े को लेकर नए जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय ने सख्त प्रशासनिक रुख अपनाया है। महीनों से विभागीय फाइलों में दबे इस बड़े मामले में नए डीईओ ने अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए गड़बड़ी के मुख्य कर्ताधर्ता माने जा रहे न्यायालयीन शाखा के क्लर्क सुनील यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि इस पूरे फर्जीवाड़े के खुलासे के लिए त्रि-सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच टीम द्वारा तैयार की गई पुख्ता व विस्तृत रिपोर्ट को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विधिवत दंडात्मक कार्रवाई हेतु संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित किया गया था। जांच रिपोर्ट जमा हुए एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद संचालनालय स्तर से दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। उच्च कार्यालय से कार्रवाई में हो रहे विलंब को देखते हुए नए जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को ठंडे बस्ते में जाने देने के बजाय खुद मोर्चा संभाला। चूंकि तृतीय श्रेणी कर्मचारी डीईओ के अनुशासनात्मक अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए उन्होंने बिना वक्त गंवाए निलंबन आदेश जारी कर दिया। गौरतलब है कि जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उजागर हुआ था कि पदोन्नति और युक्तियुक्तकरण के नियमों की धज्जियां उड़ाने में न्यायालयीन शाखा की मुख्य भूमिका रही है।

एनीकट पार करते समय दो भाई गिरे एक अरपा में बहा, दूसरा बच गया

बिलासपुर। एनीकट पार करते समय पैर फिसलने से दो भाई गिर गए। छोटा भाई रेलिंग में फंसकर बाल बाल बच गया। बड़ा भाई अरपा में गिरकर बह गया है। देर शाम तक एसडीआरएफ की टीम उसकी खोज करती रही, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है।

चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, मगरउछला निवासी कृषक तीजराम केंवट 58 साल अपने छोटे भाई बबलू के साथ बुधवार की सुबह मस्तूरी कोनी की ओर से अपने गांव आ रहे थे। कोनी व मगरउछला के बीच एनीकट के ऊपर से पानी की धार बह रही थी। दोनों एनीकट पार कर रहे थे। अचानक पैर फिसलने से दोनों भाई गिर गए। बबलू एनीकट के रेलिंग में फंसकर बाल बाल बच गया और एनीकट पार कर अपने गांव मगरउछला की ओर आ गया। बड़ा भाई तीजराम केंवट एनीकट से अरपा में गिरकर तेज बहाव की चपेट में आ गया। बबलू ने बड़े भाई के नदी में बह जाने की सूचना गांववालों की दी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की एनीकट में भीड़ लग गई। पानी का बहाव अधिक होने से कोई नदी में नहीं उतर पा रहे थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना चकरभाठा पुलिस को दी। चकरभाठा पुलिस एसडीआरएफ टीम के एनीकट पहुंची। टीम के गोताखोर अरपा नदी में उतरकर ग्रामीण की तलाश में लगे रहे। देर रात शाम तीजराम केंवट का पता नहीं चलने पर टीम नदी से बाहर निकल गई है। गुरूवार की सुबह फिर से तलाश में जुट जाएगी।



अभी तीन दिन मौसम शुष्क रहेगा, पूरे दिन खिली रही धूप

बन रहा सिस्टम, तीन दिन बाद बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार बदली और बारिश से ऊब चुके शहर के लोगों को फिलहाल इससे निजात मिली है। शहर में बुधवार का मौसम शुष्क रहा, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह स्थिति फिर बदल सकती है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में सिस्टम के प्रभाव से तीन दिनों के बाद एक बार फिर बदली व बारिश की संभावना जाहिर की है।

शहर में मौसम साफ हो चुका है। बुधवार को सुबह से शाम तक बदली या बारिश जैसी कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई। इस दौरान पूरे दिन धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में



फिलहाल दो से तीन दिनों तक यह स्थिति बनी रहेगी, लेकिन इसके बाद बारिश की गतिविधियां एक बार फिर सक्रिय हो सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम निर्मित हो रहा है, जिसके असर से तीन दिनों बाद बदली व बारिश जैसी स्थिति निर्मित होगी। इसके बाद यह सिस्टम आगे बढ़ जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों ने सिस्टम के असर से बदली-बारिश होने के कारण मानसून की विदाई में अब कुछ विलंब होने की संभावना जाहिर की है।

बारिश की संभावना नहीं

अभी तीन दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है। मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में सिस्टम के असर से बदली-बारिश की संभावना बन रही है।

- **डॉ.एचपी चंद्रा,** मौसम वैज्ञानिक

खबर संक्षेप

कांग्रेस ने बिसाहू को बनाया ब्लाक अध्यक्ष



तखतपुर। किसान कांग्रेस कमेटी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष बघेल ने बिसाहू राम कश्यप को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया है। अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बिसाहू राम कश्यप ने कहा कि संगठन ने जो मुझे दायित्व सौंपा है उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए किसानों के हित में कार्य करूंगा।

सुरखरीपाली में 10 को पितृ श्राद्ध कीर्तन

सीपत। ग्राम सुरखरीपाली में आगामी 10 अक्टूबर को पितृ श्राद्ध कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में व्याख्याकार कामता प्रसाद शरण श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक संदेश देंगे। कार्यक्रम में वर्तमान सरपंच के प्रतिनिधि नरेंद्र वर्माकार, पूर्व सरपंच गतोरा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजक रेवाशंकर साहू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथ ही आपसी भाईचारे, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करना है।

रोहराखुर्द में सेवा सेतु शिविर आज

मुंगेली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर को मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम रोहराखुर्द में विकासखण्ड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की दिशा में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

निधन

शांतम गुप्ता



बिलासपुर। रुई गली गोल बाजार निवासी शांतम गुप्ता का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 अक्टूबर दोपहर 2 बजे उनके निवास गोल बाजार से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गोपाल गुप्ता के पुत्र, ऋषभ एवं डॉ मंजुल के भाई थे।

दिलेश्वर राव चौता



बिलासपुर। देवरी डीह निवासी दिलेश्वर राव चौता का 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया है , जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान देवरीडीह से 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तोरवा श्मशान के लिए निकलेगी। वे हरि प्रसाद चौता के बड़े भाई और अमरनाथ चौता के पिता थे ।

घरों में रखी राशन सामग्री को किया चट

हाथियों ने तोड़े ग्रामीणों के पांच घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

वनांचल क्षेत्र के सुदूर ग्राम बिन्दावल में बीती रात 5 हाथियों के दल ने पांच घरों को निशाना बनाकर क्षतिग्रस्त कर राशन सामग्री चट कर गए ग्रामीणों ने देर रात घरों से दौड़कर अपनी जान बचाई है। वन विभाग जांच में जुटी है।

एटीआर के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम बिंदवाल में सोमवार की देर रात 12 बजे जंगल से निकलकर पांच जंगली हाथियों का दल ने ग्राम बिन्दावल के बैगा पारा मोहल्ले में अचानक हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि फसल के काटने से पहले हाथियों की समूह खेतों और घरों की ओर पलायन करते हैं,और खाने की तलाश में घरो के ऊपर हमला कर राशन सामग्रियों को आहार बनाते हैं। हाथियों के हमले में पारस 36 साल पिता रामाधार यादव,पंचू 56 साल पिता सरहु बैगा, घासीराम पिता जय सिंह, मनीराम पिता जय सिंह धनुहार एवं एक अन्य ग्रामीण के घर के ऊपर पांचो हाथियों ने क्षति पहुचाई है। हमले में पंचू बैग के घर को चारों तरफ से हाथियों ने तोड़कर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है,एवं घरों में रखे राशन सामग्रियों को भी चट कर गए हैं,ग्रामीणों ने बताया कि देर रात अचानक हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले और उनकी ओर टॉर्च जला कर देखें तो हाथी और भी उग्र होकर घरों की ओर दौड़ पड़े घबराये ग्रामीणों ने परिवार सहित भागकर जान बचाई। शोरगुल सुनकर मोहल्ले वासियों ने हाथी को जैसे तैसे कर भगाया। ग्रामीणों ने बताया कि खेतो के आसपास सुबह मंगलवार की सुबह 4 बजे तक डटे रहे,जिससे गन्ने की फसल, धान, दलहन की फसलों को रौंदकर चौपट करने की जानकारी सामने आई है।



मुआवजा की मांग

गौरतलब है की पांच हाथियों का समूह विगत 4 साल से एटीआर के सुदूर वनांचल में डेरा जमाए हुए हैं। उन्होंने जलढ़ा, दर्रापानी क्षेत्र में विचरण करते हैं, जैसे ही धान की फसल तैयार होता है। वैसे ही वनांचल के विभिन्न ग्रामों में विचरण करते हुए आ धमकते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मुआवजा राशि देने की मांग की है।

मामला संज्ञान में

मामला संज्ञान में आया है। विभाग जांच कर क्षतिपूर्ति राशि प्रकरण बनाने तैयार कर रहा है।

-गुलशन कुमार साहू, एसडीओ, एटीआर

डुबान क्षेत्र में युवक की सड़ी गली लाश मिलने से हड़कंप



लोरमी। वनांचल क्षेत्र के छपरा से गायब युवक की लाश मनियारी नदी में मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खुड़िया चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपरवा निवासी शंकर 35 वर्ष पिता इतवारी बैगा की लाश मनियारी नदी डुबान क्षेत्र में सोमवार की देर शाम मिली है। पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया गया। 25 सितंबर को युवक ग्राम छापरवा में मछली मारने मनियारी नदी में गया था, उसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोज खबर शुरू की लेकिन नहीं मिला। 29 सितंबर को देर शाम जमुनाही डुबान क्षेत्र मनियारी नदी के पास ग्रामीणों ने एक लाश देखकर खुड़िया चौकी सूचित किया।पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर मृतक का कराया,मृतक की पहचान ग्राम छपरवा निवासी शंकर बैगा 35 वर्ष के रूप में हुआ। चौकी प्रभारी दिलीप प्रभाकर ने बताया कि लाश स्थिति को देखकर लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

स्वयंसेविकाओं ने दिया हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा का संदेश

सकरी। उषा देवी मेमोरियल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत समुदाय में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की जा रही है।

स्वयंसेविका समृद्धि तिवारी द्वारा ग्राम जोंकी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में पोषण जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों एवं उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली तथा बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। वरिष्ठ स्वयंसेविका रीना यादव द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत "हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा" अभियान में सहभागिता करते हुए सेवा संकल्प महाकुंभ के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। यह गतिविधि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 42, शिवाजी मार्ग, टिकरापारा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशी बारगाह एवं सहायिका प्रमिला राजपूत का सहयोग एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना ताम्रकार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय तक पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा एवं जिला संगठक शितेश जैन ने कार्यक्रम की सराहना की।



नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए किया जागरूक



मस्तूरी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानिकचौरी में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को हृदय स्वास्थ्य, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने कहा कि "हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। लोगों को बीमारी का इंतजार करने के बजाय नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श की आदत विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम में मानिकचौरी के स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

फैंसी ड्रेस स्पर्धा में कृष्ण, नरसिंह भगवान बने बच्चे

सीपत। विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तथा कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती तारा गिरी के मार्गदर्शन में हुआ। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता की थीम पौराणिक एवं धार्मिक पात्रों पर आधारित रही। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, रुक्मिणी, माता काली, भगवान नरसिंह, कर्ण, दुर्योधन, गांधारी और भगवान परशुराम सहित विभिन्न पात्रों की वेशभूषा धारण कर उनके चरित्र को जीवंत किया। संवाद, भाषण और अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 3 से 5 के नन्हे प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की वेशभूषा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अभिनय कौशल और प्रस्तुति का मूल्यांकन निर्णायक दीपक राठौर एवं गोमती वस्त्रकार ने किया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश यादव एवं अंजली पटेल ने किया। कार्यक्रम में पूनम मंडल, नीलिमा गुप्ता, आशा गुप्ता, संजय मिश्रा, धनेश्वरी भार्गव, प्रियंका डोंगरे, रितु डोंगरे, अनिशा सिंह, आरती गुप्ता, अंजू खरे, रागनी राठौर, आरती राठौर, प्रभा यादव, शशि वंशकार, चंद्रप्रकाश सूर्या, विश्वांत डहरिया, योगिता पटेल, रजनी भोई, सुमन केवट, प्रियंका सूर्यवंशी, अस्वथि एमए, दिव्या साहू एवं अनुभा गुप्ता सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर चलेगा स्वच्छता अभियान

मुंगेली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 2 अक्टूबर को व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम एवं पुराना बस स्टैण्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। निर्धारित स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियां संचालित कर आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने अभियान को प्रभावी बनाने तथा निर्धारित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

युवक पर तलवार से हमला, जोड़ी गई हत्या के प्रयास की धारा, एक आरोपी हिरासत में

बिलासपुर। दो दिन पहले गणेश विसर्जन कर लौटते समय विवाद होने पर एक युवक पर तलवार से जान लेवा हमला कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए रायपुर हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने मामले में पृथक से हत्या के प्रयास की धारा जोड़कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं अन्य आरोपी फरार हैं। 28 सितंबर की रात रतनपुर महामाया चौक स्थित विस्थापित तीन चार गणेश प्रतिमा को अलग अलग समितियों के द्वारा विसर्जन के लिए निकाला गया था। इस दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर सारथी मोहल्ला निवासी करन सारथी का दुबे परिवार के लोगों से विवाद हो गया था। करन सारथी अपने समिति के साथियों के साथ सारथी गणेश विसर्जन करने के बाद मोहल्ले में आटो में बैठा हुआ था। रात 12.15 बजे दुबे परिवार के लोग तालाब में गणेश विसर्जन कर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में फिर से उनका करन सारथी से विवाद हो गया। इस पर निक्कू उर्फ विकल्प दुबे, संकू उर्फ संकल्प दुबे, तरूण गोंड करन सारथी के साथ गाली गलौज करते हुए स्टिक, डंडा से जमकर मारपीट करने लगे। विकल्प दुबे ने करन सारथी पर तलवार से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया था। उसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने ईश्वर सारथी की रिपोर्ट पर हमलावर विकल्प दुबे, संकल्प दुबे, तरूण गोंड़ के खिलाफ साधारण मारपीट की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज किया था। 30 सितंबर को बड़ी संख्या में परिजन एसपी आफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर मामले में गंभीर धारा लगाने व आरोपियों को पकड़ने की मांग की। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रतनपुर पुलिस ने मामले में पृथक से हत्या के प्रयास बीएनएस की धारा 109 जोड़कर एक आरोपी संकल्प दुबे को हिरासत में ले लिया है।

शपथ पत्र

मै दृष्यंत कश्यप उम्र-50 वर्ष पिता बलराम कश्यप, निवासी-सरकंडा, बंधवापारा बिलासपुर, छ.ग. का हूं जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं: 1. यह कि मेरा नाम दुष्यंत कश्यप है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज होकर नहीं। 2. यह कि मेरे समस्त शासकीय रिकार्ड में मेरा नाम दुष्यंत कुमार कश्यप दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि दुष्यंत कश्यप एवं दुष्यंत कुमार कश्यप में एक ही व्यक्ति हूं उक्त दोनो नाम मेरे ही नाम है। अतः मुझे मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम दुष्यंत कश्यप लिखा, पढ़ा, माना सुधारा जावे। उक्त कथन में यह स्वयं प्रस्तुत है।

शपथपूर्वक दुष्यंत कश्यप
सत्यापन

मैं दुष्यंत कश्यप सत्यापित करता हूं कि क्रं. 1 से 3 तक मेरे नाम में सत्य व सही है आज दिनांक 11/08/2026 को बिलासपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथपूर्वक दुष्यंत कश्यप

न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.) नोटिस / समंस

प्रोसेस क्रमांक- 122/26
उ.प्र.क्र.-595/2026
आदेश दिनांक 16/9/2026
पेशी दिनांक 22/10/2026
प्र.क्र = 56/2026

कपिल वगै. ...आवेदकगण
विरूद्ध
आम जनता वगै. ...अनावेदकगण
बनाम

1 आम जनता आवेदकगण के द्वारा इस न्यायालय मे एक आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रस्तुत किया है जो उ.प्र.क्र. 595/2026 पक्षकार कपिल वगै. विरूद्ध आम जनता वगै. पेशी तारिख 22/10/2026 प्रस्तुत किया गया है उक्त में प्रकरण मे अनावेदक क्र. 01 आम जनता का नोटिश का प्रकाशन किया जा रहा है।

आप पेशी दिनांक 22/10/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर इस प्रकरण में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से भाग लेकर जवाब इत्यादि प्रस्तुत करे उक्त पेशी दिवस को यदि आप प्रकरण मे उपस्थित नहीं होगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी यदि उक्त कार्य दिवस को अवकाश होगी तो प्रकरण में आगामी दिवस का सुनवाई कि जावेगी।

आज दिनांक 26/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

असलम खान, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) धर्मिष्ठा अखियानिया पति श्री निलेश अखियानिया, (2) निलेश अखियानिया पिता श्री रशीकलाल अखियानिया दोनों निवासी ओम जोन, शुभम विहार मुंगेली रोड बिलासपुर से इनके नाम पर मौजा मंगला प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित स्तार क्रमांक 37 भूखण्ड क्रमांक 5 खसरा नम्बर 990/2 रकबा 231 वर्गफुट की दुकान खरीदने का पक्का सौदा कर नगद एवं चेक के माध्यम से 16 लाख रुपए बयाना राशि दी जा चुकी थी उक्त सौदा किन्हीं कारण वश आपसी सहमति से मेरे एवं विक्रेता के द्वारा निरस्त हो चुका है तथा मेरे द्वारा दी गई बयाना राशि मुझे वापस प्राप्त हो चुकी है अतः उक्त सौदे बाबत अब मेरा किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं रहा तथा विक्रेता पक्ष पूर्ण रूप से उक्त संपत्ति बाबत स्वतंत्र है अतः आम को सूचित हो।

भवदीय
पारुल अग्रवाल
पति श्री तुषार अग्रवाल
गंगानगर फेस-2 मंगला चौक
के पास बिलासपुर
मो. 7000866078,
9179050019

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ईश्तहार

मा0क्र0 अ-6 अ/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प0ह0न0 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रज्जाक खान उम्र 44 वर्ष पिता स्व. हमीद खान एवं अमीर खान पिता स्व. हमीद खान दोनो निवासी ग्राम घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 602/176 मे से रकबा 860 वर्गफीट भूमि आवेदकगण द्वारा दिनांक 16.12.2011 को विक्रेता मनोज से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था। यह कि आवेदकगण के द्वारा उक्त भूमि का विधिवत नामांतरण कराने के उपरांत आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया तथा आवेदकगण के पक्ष में खसरा पांचसाला जारी किया गया। नामांतरण उपरांत क्रयशुदा भूमि का नवीन खसरा नंबर 602/183 दर्ज किया गया। यह कि आवेदकगण द्वारा वर्णित भूमि को क्रय किये जाने के उपरांत आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन भी कराया गया जिसका सर्वे नंबर 602/183 दर्ज है। यह कि आवेदकगण उक्त भूमि पर मकान बनाकर निवासरत है। यह कि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में आवेदकगण का नाम ऑनलाइन राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है, जिससे आवेदकगण को आवश्यक कार्यों की पूर्ति हेतु कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त खसरा नंबर 602/183 रकबा 860 वर्गफीट पर आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस, संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 08/10/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

न्यायालय प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

नोटिस

प्रकरण क्र.: 106A/2026
आदेश दिनांक : 16/09/2026
पेशी दिनांक : 16/11/2026
प्रोसेस क्र. 231/26

श्रीमती प्रेमलता साहू पति माधव प्रसाद साहू उम्र लगभग 30 निवासी C/O श्री हरिराम साहू, देवनगर, छोटी कोनी, थाना कोनी, जिला बिलासपुर .....आवेदिका

विरुद्ध

श्री माधव प्रसाद साहू पिता रामा साहू उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी जयराम नगर, खैरा, थाना मस्तुरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) हा.मु. एन.टी.पी.सी. (सुरक्षा गार्ड) बिलासपुर (छ.ग.) .....अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती प्रेमलता साहू ने अनावेदक के विरुद्ध धारा 13 (1) बाबत आवेदन पत्र पेश किया है जिसकी पेशी दिनांक 16/11/2026 को है।

अनावेदक श्री मांधव प्रसाद साहू पिता रामा साहू उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी जैराम नगर, खैरा, थाना मस्तुरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) हा.मु. एन.टी.पी.सी. (सुरक्षा गार्ड) बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 16/11/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 16/11/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 22/09/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 22/09/26
स्थान:- बिलासपुर (छ.ग.)

मुकेश कुमार पात्रे
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Email-tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./ / अ-6-अ/2025-26
ग्राम-खुटेरा, प.ह.नं. 27

// नोटिस //

प्रति,
1. लाला सिंह पिता गम्मन सिंह, जाति ठाकुर 2. गणेश राम पिता उदेशी दोनों निवासी ग्राम खुटेरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)... अनावेदकगण/अनावेदिकागण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गिरीश कुमार नेगी पिता स्व. लोपत सिंह नेगी एवं अन्य 3, जाति कंवर, निवासी ग्राम सेंदरी, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग0. के द्वारा ग्राम खुटेरा, प.ह.नं. 27, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 130 रकबा 0.069 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 52 में से रकबा 0.72 एकड़ भूमि को क्रेता दानकुंवर पति लोपत सिंह के द्वारा विक्रेता मानकुंवर पति रामजी से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/05/1979 को खरीदी भूमि है, जो नामांतरण होकर संशोधन पंजी वर्ष 1978-79, संशोधन क्रमांक 333 में दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान में अनावेदकगण के नाम पर दर्ज है। दानकुंवर बाई पति लोपत सिंह की मृत्यु दिनांक 29/03/2000 को हो चुकी है तथा उनके वैध वारिसान आवेदकगण है एवं उनके विधिक वारिसों में ओमप्रकाश की मृत्यु हो चुकी है एवं उनके मृत्यु उपरांत उनके वैध वारिसान आवेदक क्रमांक 3 व 4 है। उक्त आवेदित भूमि को नामांतरण पंजी में पूर्व में किए गए नामांतरण एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रेता के वैध वारिसान के नाम पर अभिलेख दुरूस्ती/ नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 07/10/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Email-tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./ / अ-6-अ/2025-26
ग्राम-खुटेरा, प.ह.नं. 27

// नोटिस //

प्रति,
कैलाश बाई पुत्री शिवनाथ, जाति लोधी, निवासी ग्राम खुटेरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)... अनावेदिका

एतद् द्वारा आपको/सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गिरीश कुमार नेगी पिता स्व. लोपत सिंह नेगी एवं अन्य 3, जाति कंवर, निवासी ग्राम सेंदरी, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खुटेरा, प.ह.नं. 27, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 580/2, 970, 923/2, 935/2 रकबा क्रमशः 0.049, 0.049, 0.096, 0.097 हेक्टेयर भूमि को क्रेता दानकुंवर पति लोपत सिंह के द्वारा विक्रेता रति वल्द इंदल वगैरह से पंजीकृत बैनामा के आधार पर दिनांक 03/07/1978 को खरीदी भूमि है, जो नामांतरण होकर संशोधन पंजी वर्ष 1978-79 के संशोधन क्रमांक 333 में दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान में अनावेदकगण के नाम पर दर्ज है। दानकुंवर बाई पति लोपत सिंह की मृत्यु दिनांक 29/03/2000 को हो चुकी है तथा उनके वैध वारिसान आवेदकगण है एवं उनके विधिक वारिसों में ओमप्रकाश की मृत्यु हो चुकी है एवं उनके मृत्यु उपरांत उनके वैध वारिसान आवेदक क्रमांक 3 व 4 है। उक्त आवेदित भूमि को नामांतरण पंजी में पूर्व में किए गए नामांतरण एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रेता के वैध वारिसान के नाम पर अभिलेख दुरूस्ती / नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 07/10/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Email-tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./ / अ-6-अ/2025-26
ग्राम-खुटेरा, प.ह.नं. 27

// नोटिस //

प्रति,
1. शिवशंकर पिता रतिराम 2. रामरतन पिता रतिराम 3. रूखमनी बाई पति बनवाली सिंह 4. चमेली सिंह पिता बनवाली सिंह 5. लता बाई पिता बनवाली सिंह 6. नीता ठाकुर पिता बनवाली सिंह 7. गणेश राम पिता उदेशी 8. त्रिवेणी पति उमेंदराम सभी निवासी ग्राम खुटेरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गिरीश कुमार नेगी पिता स्व. लोपत सिंह नेगी एवं अन्य 3, जाति कंवर, निवासी ग्राम सेंदरी, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खुटेरा, प.ह.नं. 27, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 110/1 रकबा 0.135 हेक्टेयर भूमि को क्रेता दानकुंवर पति लोपत सिंह के द्वारा विक्रेता बुंदिया पुत्री शिवनाथ से पंजीकृत बैनामा के आधार पर दिनांक 19/07/1985 को खरीदी भूमि है, जो नामांतरण पंजी वर्ष 1984-85, ना.क्र. 6 में दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान में अनावेदकगण के नाम पर दर्ज है। दानकुंवर बाई पति लोपत सिंह की मृत्यु दिनांक 29/03/2000 को हो चुकी है तथा उनके वैध वारिसान आवेदकगण है एवं उनके विधिक वारिसों में ओमप्रकाश की मृत्यु हो चुकी है एवं उनके मृत्यु उपरांत उनके वैध वारिसान आवेदक क्रमांक 3 व 4 है। उक्त आवेदित भूमि को नामांतरण पंजी में पूर्व में किए गए नामांतरण एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रेता के वैध वारिसान के नाम पर अभिलेख दुरूस्ती / नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 07/10/2026 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ0ग0)

Email-tahsilpatharia@gmail.com
रा0प्र0क्र0/ /अ-6-अ/2025-26
ग्राम-खुटे

हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर अरपा आरती के साथ करेंगे दीपदान

बिलासपुर। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर गुरुवार 1 अक्टूबर को शाम साढ़े 4 बजे रामसेतु अरपा सरकंडा साइट में अरपा आरती के साथ दीपदान कर 80 प्लस के वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों का हरिहर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं लगभग 150 वर्ष पुराने पीपल पेड़ की पूजा, आरती, अरपा गंगा आरती एवं पितृ जनों को समर्पित अरपा में दीपदान होगा। मुख्य संरक्षक अनिल टाह सहित सभी संरक्षक सदस्य आमंत्रित अतिथि होंगे।



सम्मान समारोह समिति के प्रमुख संयोजक रेखा मदन मोहन गुल्ला, भुवन वर्मा, डॉ शंकर यादव सहित हरिहर ऑक्सीजोन समिति की पदाधिकारी विशेष रूप से सहभागिता प्रदान करेंगे। शोभा टाह फाउंडेशन एवं हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन होगा।

समारोह

संगीत विशारद परीक्षा में शहर का युवक भारत में अव्वल



बिलासपुर। शहर के छात्र नारायण बरगाह ने सत्र 2024 में आयोजित संगीत विशारद (तबला) परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर पूरे भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उसे मुंबई में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि ने संगीत विशारद डिग्री के साथ कुल 7 पुरस्कार प्रदान किया। श्री बरगाह बचपन से तबला वादक संगीत अलंकार राजेश मंदिकर से तबला वादन की विधिवत तालिम प्राप्त कर रहा है। इन्होंने मुंबई की यह परीक्षा हरिप्रसाद सोनी द्वारा संचालित एवं मान्यता प्राप्त सेंटर सोनी संगीत कला निकेतन के माध्यम से उत्तीर्ण की है। इससे पहले भी श्री मंदिकर के एक अन्य शिष्य साई प्रताप ने भी भारत में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। नारायण ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु श्री मंदिकर और अपने पिता संतोष बरगाह को दिया है।

कार्यक्रम

हिंदी भाषा का प्रचार करने कराई गई विविध प्रतियोगिताएं



बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा का सोमवार को समापन किया गया। इस दौरान हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित कवि सुरेश पैगवार, बंशीधर शर्मा, मोहम्मद अनीश 'अरमान', सोमप्रभा नूर, राकेश श्रीवास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी भाषा, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सरोकार एवं समसामयिक विषयों को प्रस्तुत किया। इस मौके पर ललन कुमार दास, व्हीके. देवांगन, के. श्रीनिवास, जेएस.मीना, भास्कर गुहा उपस्थित रहे। विजेताओं में प्रतिभागी सुधीर कुमार, विद्यावत, कु. अंकित मिश्रा, ऋतुपर्ण सिंह, मोहन सिंह कश्यप, रिंकू अवस्थी, फिरतू राम पटेल, देवेंद्र कुमार, धनंजय कुमार, बीरेश कुमार, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम लाल निर्मलकर, सुश्री प्रेमलता सिन्हा, राम रतन नाई, आकुड़ी रामेश्वरी, वीरेंद्र कुमार गोस्वामी शामिल रहे।

अपनी भाषा ही हमारी पहचान, युवा इसे अभिव्यक्ति का माध्यम बनाएं

बिलासपुर। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रसेन भवन एवं ग्रैण्ड लोटस में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, मारवाड़ी भाषा, वरिष्ठों के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्यों से जोड़ना रहा।

'म्हारी बोली म्हारा देश' से मारवाड़ी भाषा को बढ़ावा

अग्रवाल नवयुवक समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में म्हारी बोली म्हारा देश प्रतियोगिता रखी गई। आयोजकों ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में विदेशी व अन्य भाषाओं के प्रभाव के बावजूद दैनिक जीवन, घर-परिवार और सामाजिक आयोजनों में अपनी मातृभाषा का प्रयोग आवश्यक है। भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान की नींव है। प्रतियोगिता को दो वर्गों (11 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से ऊपर के अविवाहित युवा) में बाँटा गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने 3 मिनट में महाराजा अग्रसेन जी के समाजवाद, व्यापार जगत में समाज के योगदान, संस्कृति से दूरी और मारवाड़ी भाषा की पहचान जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मूल्यांकन शैली, शब्द चयन, विषय ज्ञान और प्रस्तुति के आधार पर किया गया। इस आयोजन की कमान नितिन बेरीवाल, क्षितिज जाजोदिया, अमित रामपुरिया, सीए अंशुमन जाजोदिया, कपिल जाजोदिया और अंकुर अग्रवाल ने संभाली।





वरिष्ठजनों का सम्मान और 'ईमानदारी की जीत' ड्रामा

अग्रसेन भवन में आयोजित 'आशीर्वाद समारोह' में लगभग 70 वरिष्ठ महिलाओं का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। आयोजिका रजनी नटवर अग्रवाल, उषा अग्रवाल, डॉली मित्तल, अनिता संजय अग्रवाल ने बताया कि बुजुर्ग बरगद के वृक्ष के समान हैं और बच्चों में बालपन से ही उनके प्रति सम्मान का भाव जगाना इस आयोजन का ध्येय है। वहीं, बच्चों को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से ईमानदारी की जीत स्टेज ड्रामा प्रस्तुत किया गया। नीतू चौधरी



द्वारा प्रायोजित और प्रतिभा बजाज, सुनीता बुधिया आदि द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 2-3 सदस्यों की टीमों ने नाटकों के माध्यम से जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और आत्मसंतोष के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल सभा अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, सचिव सुनील सोंथलिया, जयंती समारोह अध्यक्ष भोलाराम मित्तल, नवयुवक समिति अध्यक्ष चंचल अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष विनीता केजरीवाल, सचिव प्रियंका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी तान्या जाजोदिया सहित समाज के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

आज के कार्यक्रम 1 अक्टूबर को शाम 4 बजे से अग्रसेन भवन में 'किस्मत का कमाल' एवं 'मेरा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा' कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं शाम 6 बजे से रायपुर रोड स्थित ग्रैण्ड लोटस में 'तोल मोल के बोल' का आयोजन किया जाएगा।

स्टेज ड्रामा

आज अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम की श्रृंखला में स्टेज ड्रामा ईमानदारी की जीत विषय पर था। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

भगवान के स्वरूप हैं वेद, रखें हमेशा आदर का भाव





गया विहार सरकंडा में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ने कहा

बिलासपुर। गया विहार सरकंडा में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ में कथा वाचक पं. घनश्याम पाण्डेय ने बुधवार को अजामिल कथा, प्रहलाल चरित्र व जड़ भरत प्रसंग की कथा पर प्रकाश डाला और बताया कि वेदों द्वारा निर्धारित कर्म धर्म हैं। वेद भगवान के स्वरूप हैं। वेद के प्रति हमेशा आदर का भाव रखें। पाप करने वाले सभी मनुष्य अपने कर्मों के अनुसार दण्डित होते हैं।

कथावाचक ने बताया कि शुकदेवजी महराज ने राजा परीक्षित को अजामिल की कथा सुनाई थी। कन्नौज में अजामिल नाम का एक ब्राह्मण रहता था। वह पहले महान शास्त्रज्ञ व उनमें सद्गुणों का भंडार था। अहंकार उसमें बिल्कुल भी नहीं था और वह हमेशा प्राणियों का हित चाहता था। कभी किसी के गुणों में दोष नहीं ढूंढ़ता था। एक समय बाद उसका सारा जीवन बुरे कर्म में बीतने लगा। जब मृत्यु का समय आया, तो उसने देखा कि तीन भयानक यमदूत उसके पास आ खड़े हुए हैं। इसे देख अजामिल भय से कांप उठा। उस समय उसका बालक नारायण वहां से कुछ दूरी पर खेल रहा था। यमदूतों को देखकर अजामिल ऊंचे स्वर में नारायण को पुकारा। जिसे सुनकर विष्णु दूतों ने उन्हें बलपूर्वक रोक दिया। स्व. मनोज दुबे की स्मृति में आयोजित इस भागवत कथा के मुख्य यजमान राकेश, रजनी दुबे हैं।

प्रहलाद की कथा भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति का प्रमाण

कथा वाचक ने बताया कि भक्त प्रहलाद की कथा भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति और उनकी रक्षा का सबसे बड़ा प्रमाण है। प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक क्रूर और असुर राजा थे। उसने कठोर तपस्या कर ब्रह्माजी से ऐसा वरदान पा लिया था कि उसे संसार में कोई मनुष्य, देवता, या जानवर न मार सके और न ही वह दिन में मरे न रात में, न घर के अंदर न बाहर। इस वरदान के बाद अहंकार में सबको अपनी पूजा करने को कहने लगा। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। प्रहलाद छोटी आयु से ही हर समय 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' और श्री हरि का नाम जपते रहता था। जब पिता हिरण्यकशिपु ने प्रहलाद को विष्णु भक्ति छोड़ने को कहा, तो प्रहलाद नहीं माने। क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने प्रहलाद को मारने काफी प्रयास किया लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रहलाद को एक खरोंच तक नहीं आई। नृसिंह भगवान ने अपने नखों से हिरण्यकशिपु का वध किया और अपने भक्त प्रहलाद के प्राणों की रक्षा कर उन्हें राजा बनाया। इस मौके पर राजेश्वर, उमा दुबे, रामेश्वर, पुष्पा दुबे, दिलीप अन्नपूर्णा दुबे, पूर्णिमा, मुस्कान, सिद्धि दुबे, अनिल, ममता दुबे, शिव कुमार, इंद्राणी शर्मा, ओमप्रकाश, सरला, चन्द्रहास, सरोज पाण्डेय, प्रीति, स्वीटी की उपस्थिति रही।

नाटक 'सायकिल का पहिया' का मंचन

बिलासपुर। इप्टा बिलासपुर के नवीतम नाटक "सायकिल का पहिया "का सफल मंचन बुधवार को देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में किया गया। नाटक गेहेन्द्र जायसवाल (भीम) द्वारा लिखित एवं सचिन शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया है। इस नाटक में गीत एवं गायन मोबिन अहमद और संगीत सरजू राम साहू और चोवा सिंह का था।

नाटक एक़ पिछड़े गांव के सीधे साधे गरीब बुजुर्ग की कहानी है जिसकी स्वर्गवासी पत्नी की निशानी, पुरानी सायकिल अचानक गुम हो जाती है उसे वापस पाने के लिए बेचैन होकर वो गांव के पुलिस चौकी में रिपोर्ट लिखाने पहुंचता है और यहीं से इसकी मुसीबत बढ़ने लगती है भ्रष्टाचार और व्यवस्था में पीस कर अंत



में मजबूर बुजुर्ग की मार्मिक स्वीकारोक्ति से नाटक का दुखान्त होता है। इस नाटक में व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया गया है।

नाटक में प्रमुख भूमिका में जितेंद्र पाण्डेय, जय बघेल, मोबिन अहमद, सचिन शर्मा, दिनेश पाण्डेय और लतीश भांगे, आशुतोष त्रिवेदी, शशांक देवांगन रितेश तिवारी और आकृति पाल सिंह ने भी सराहनीय अभिनय किया। प्रकाश संयोजन मयंक सलूजा ने किया। इस नाट्य मंचन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नाटक के लेखक गेहेन्द्र जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि फिल्म निर्माता, निर्देशक एवं अभिनेता अनुपम वर्मा थे। कार्यक्रम में आशीष सिंह ठाकुर, अनिल टाह, हरिद्वार सिंह, रूद्र अवस्थी, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, उमाकांत खरे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन इप्टा के अध्यक्ष अरुण दाभड़कर ने किया।

खुश रहने से बढ़ती है सही निर्णय लेने की क्षमता



बिलासपुर। पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक चुस्त-दुरुस्त, संवेदनशील और तनाव मुक्त बनाने के उद्देश्य से बिलासपुर रेंज में तीन दिवसीय 'रेंज स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स' प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्वाति दीदी ने बताया कि खुश रहने से विपरीत परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है और मानसिक थकान दूर होती है। ।

कार्यशाला पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित की जा रही है। इसमें रेंज के विभिन्न थानों व विभागों से आए लगभग 150 पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के विशेष सत्र में ब्रह्माकुमारीज़ बिलासपुर के मुख्य सेवाकेंद्र 'राजयोग भवन' की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि पुलिस विभाग का दायित्व बेहद चुनौतीपूर्ण है। जिसके कारण अधिकारी चौबीसों घंटे मानसिक दबाव में रहते हैं। इस दबाव का सीधा असर उनके स्वास्थ्य और निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ता है। सच्ची खुशी बाहरी परिस्थितियों या भौतिक साधनों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे आंतरिक विचारों और दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जीवन में बच्चों की तरह सरल और खुश रहने का अद्भुत मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि एक छोटा बच्चा कभी तनाव में नहीं रहता क्योंकि वह वर्तमान में जीता है। बच्चे के मन में कोई द्वेष, ईर्ष्या, अहंकार या भविष्य की चिंता नहीं होती, वह छोटी-छोटी बातों में भी अपनी खुशी ढूंढ लेता है।

स्पोर्ट्स न्यूज

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडेमी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडेमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में क्रिकेट बालक 14 वर्ष, बालक-बालिका 17 वर्ष, 19 वर्ष में खिलाड़ियों ने जिले का नाम रौशन किया है।

बिलासपुर। अंडर 14 बालक में बिलासपुर जिले की टीम में चयनित खिलाड़ी लक्ष्य कौशल, विशेष सोनी, शौर्य कौशल, पंकज मरावी, अंश पंत ने, अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग में आरती राव, जान्हवी गुप्ता ने, अंडर 17 बालक वर्ग में श्रेयश वर्मा, विनायक उपाध्याय, युगदीप बनवारे, भावेश साहू, अंडर 19 बालिका वर्ग में संयागिता साहू, स्वर्णिका बनवारे, आसना परवीन, बालक वर्ग अंडर 19 वर्ष में अजय चंद्राकर, निर्भयानंद खूंटे, गुलचशन राज, दिव्य सिंह क्षत्रीय, युवराज साहू, सचिन यादव शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी बिलासपुर संभाग की टीम में चयनित होकर सलेक्शन ट्रायल देने के बाद राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ष बालक जीपीएम में, अंडर 17 वर्ष बालक एवं अंडर 19 वर्ष बालक वर्ग कोरबा में, अंडर 17 वर्ष बालिका सारंगढ़ में, अंडर 19 बालिका राज्य स्तरीय क्रिकेट राजनांदगांव में होगी। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडेमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छी सुविधा तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

टेबल टेनिस की बिलासपुर सेक्टर टीम में चयनित हुई अभ्या



एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बिलासपुर के टेबल टेनिस खिलाडी अभ्या सिंह का चयन राज्य स्तरीय टेबल टेनिस महिला-पुरुष) प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर सेक्टर टीम मे किया गया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस कालेज बिलासपुर की बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अभ्या सिंह का चयन परिक्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता मे अच्छे प्रदर्शन के आधार पर दूसरी रैंक प्राप्त करने पर किया गया है। राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर की मेजबानी मे टेबल टेनिस इंडोर हाल मे आयोजित है। प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ की 12 सेक्टर की टीम भाग लेगी, जिसमें चयनिय सेक्टर के खिलाडी अपने-अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस टीम मे चयनित होंगे।

अंतर महाविद्यालयीन बेसबॉल प्रतियोगिता में डीपी विप्र चैम्पियन



डीपी विप्र महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ विद्यालय मैदान में किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि पुरुष वर्ग में 8 टीम और महिला में 3 टीमों ने भाग लिया। पांच महाविद्यालय के खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचे। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में लीग पद्वति द्वारा मैच कराया गया, जिसमें डीपी विप्र महाविद्यालय की महिला टीम विजेता और शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तुरी की टीम उपविजेता बनी। पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला डीएलएस महाविद्यालय और डीपी विप्र महाविद्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें विप्र महाविद्यालय की टीम विनर रही। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ.एमएस तम्बोली, नितीश चौबे, डॉ.एस पवार, डॉ.बसंत अंचल, मुकेश गोरे, डॉ. आलोक शर्मा, आशीष बाजपेयी, डॉ.देवर्षि चौबे, मुकेश गोयल, सीपी सिंह, अमित मानिकपुरी, देवेंद्र सन्नाड, अरविन्द सिंह सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

राष्ट्रीय मल्लखंब प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता दीनकर ने

वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की नगरी झांसी में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित अखिल भारतीय आमंत्रण मल्लखंब प्रतियोगिता में पामगढ़ की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया। प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश मलखंभ संघ के नेतृत्व में कुल 24 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। शिक्षा दिनकर ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुए व्यक्तिगत रूप मल्लखंब स्पर्धा में देशभर के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिका प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार हिस्सा लेने वाली प्रज्ञा कुर्रे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसमें देशभर से लगभग 40 निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से पुष्कर दिनकर और प्रेमचंद शुक्ला ने तकनीकी अधिकारी एवं निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों यशपाल, बरेठ,आयुषी, सिद्धार्थ, प्रतीक बंजारे, अभिजीत कुर्रे, समीर कुमार, रोशनी धीवर, हिमांशी, हुसैंती, निधि उसेन्डी सहित नारायणपुर के खिलाड़ियों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



खबर संक्षेप

चेक में ओवरराईटिंग कर 3.38 लाख की गड़बड़ी, जांच जारी

बिलासपुर। बिल्हा ब्लॉक के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति गुमा में चेक में ओवर राईटिंग कर 3 14 लाख के चेक को 6 52 लाख का बनाकर 3 38 लाख के कथित तौर पर गबन का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि चेक में ओवरराईटिंग स्पष्ट नजर आने के बाद भी बैंक द्वारा भुगतान किया गया है, जिससे प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय ने बिल्हा शाखा से मामले की विस्तृत रिपोर्ट मंगाई है। बिल्हा ब्लॉक के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति गुमा के अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी राजकुमार बरगाह द्वारा तीन कर्मचारियों द्वारा चेक में ओवर राईटिंग कर राशि बढ़ाकर आहरण करने संबंधी आरोप लगाते हुए थाने में अपराध भी दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि गुमा के संस्था प्रबंधक शरद कुमार कश्यप, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर शाखा बिल्हा में पदस्थ सुपरवाईजर हितेश सलूजा एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर बिल्हा शाखा के प्रबंधक लक्ष्मण कौशिक द्वारा मिलकर कूटरचना करते हुए स्वीकृत राशि 3 लाख 14 हजार 50 रूपए के स्थान पर 6 लाख 52 हजार 50 रूपए का आहरण किया गया। इस तरह से उनके द्वारा 3 लाख 38 हजार रूपए का गबन किया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सीईओ प्रभात मिश्रा ने बताया कि इस तरह के किसी मामले की जानकारी तो मिली है, लेकिन किसी तरह की डिटेल नहीं है। विस्तृत जानकारी के लिए बिल्हा ब्रांच को निर्देश दिए गए हैं। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते 4 जुआरी पकड़े गए

बिलासपुर। पुलिस ने स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते 4 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि बापूनगर मरीमाई मंदिर स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेलते सावन चौहान, विक्की रक्सेल, अजीत ललपुरे, विकास चौहान को पकड़ लिया। उनके पास से 8 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बदहाली — वन विभाग ने लिया अपनी जिम्मेदारी में, बनाया जा रहा प्रपोजल

बदहाल हो चुके बैम्बू म्यूजियम में फिर आएगी हरियाली, अफसरों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका मे बांस के पेड़ों से बनाया गया बैम्बू म्यूजियम पूरी तरह से बदहाल हो चुका है, जहां शराबखोरी के साथ चोरी और अपराधिक गतिविधियां भी लगातार हो रही है। इस म्यूजियम को एक बार फिर फारेस्ट विभाग ने अपनी जिम्मेदारी में लेने का निर्णय लिया है, ताकि एक बार फिर से बैम्बू म्यूजियम को हरा-भरा किया जा सके।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैम्बू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर



छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में 80 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गई। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेट के पोल लगाए गए, ताकि बांस के पौधों की सुरक्षा मवेशियों से हो सके। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग के साथ पोल और लाखों रुपए के बांस के पेड़ भी गायब हो चुके हैं।

इन प्रजातियों के थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थी। इसमें नाइजेसिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, ढुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, ग्रास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बानकुआ के 60 और बेलगेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में हरियर योजना के तहत बिलासपुर वन मंडल ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है। दरअसर बांस के जंगल में खतरा मंडरा रहा है, इसमें प्रमुख रूप से प्रतिबंधित करील की बिक्री काफी अधिक होती है। बांस के संबंध में लोगों को जानकारी और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाने के बाद वन विभाग देखभाल नहीं कर पाया।

संवारने के लिए भेजा गया प्रस्ताव

बैम्बू म्यूजियम की योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं। यह प्रोजेक्ट पांच साल तक वन विभाग को दिया गया था। मौके पर विभाग की टीम ने जाकर निरीक्षण कर लिया है, जहां विदेशी बांस के पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके बाद इसे संवारने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। म्यूजियम में एक बार फिर बांस के पौधे लगाने के बाद चारों ओर से बाउंड्रीवाल व अन्य कार्यों को किया जाएगा।

-टीआर मरई उप वनमंडलाधिकारी, वन मंडल बिलासपुर

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम का अभियान

11 दुकानों से प्रतिबंधित प्लॉस्टिक ज़ब्त,11 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश में शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम के स्वच्छता अमले ने व्यापार विहार और में सघन जांच अभियान चलाया।

अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण करते पाए जाने पर कुल 11 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दुकानों से बड़ी मात्रा 13 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही संबंधित दुकानदारों पर नगर निगम ने 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। भविष्य में प्लॉस्टिक के विक्रय करते पाए जाने पर



भारी भरकम जुर्माने की भी चेतावनी दी गई है। जिन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई उनमें पुराना बस स्टैंड से सतीश जायसवाल,जितेंद्र छाबड़ा,मिली छाबड़ा, व्यापार विहार से सूरज,बलराम,दिनेश,महेश,सौरभ मिश्रा,नरेश मंगवानी, ललित और प्रतीक शामिल है। निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों से कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय अथवा भंडारण करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सहभागी बनकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया है

जल संरक्षण और स्वच्छता गतिविधियों पर कार्यक्रम

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगला में जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल स्त्रोत सुधार, नदी घाट स्वच्छता अभियान, जल चौपाल एवं जल संकल्प जैसी गतिविधियां मंगला (पासीद) एनीकट क्षेत्र में की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकुमार कौशिक तथा सोमेश तिवारी थे। जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के साथ ही लोगों ने जल की बर्बादी रोकने और भविष्य के लिए जल बचाने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने और स्वच्छ एवं सुरक्षित जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नारोत्तम यादव, उपाध्यक्ष मनोज साहू, उमेश खुसरो, घनश्याम यादव, बी.एम. चौहान तथा उप अभियंता कुमारी श्रुति गौरहा आदि मौजूद थीं।

नाली निर्माण के दौरान बाउंड्रीवॉल भरभराकर गिरी, 4 मजदूर बचे



राजकिशोर नगर में गिरी दीवार।

बिलासपुर। वार्ड क्रमांक 51 के राजकिशोर नगर में नाली निर्माण के दौरान पुरानी बाउंड्री वॉल अचानक भरभराकर नाली में जा गिरी। जिस वक्त दीवार गिरी, उसके बेहद करीब दो महिला और दो पुरुष मजदूर काम कर रहे थे। मिट्टी खिसकने का आभास होते ही मजदूरों ने तुरंत वहां से हटकर अपनी जान बचाई और कुछ ही पल बाद दीवार पूरी तरह ढह गई।

मजदूरों के समय रहते हट जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी निगरानी और मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय जानकारी के मुताबिक, नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर वार्ड पार्षद पहले भी ठेकेदार और इंजीनियर के सामने आपत्ति जता चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पार्षद मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त दीवार सहित निर्माण स्थल का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार और इंजीनियर से चर्चा कर काम की गुणवत्ता तथा मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कही।

जर्जर थी दीवार

वहीं ठेकेदार ने सफाई देते हुए बताया कि गिरने वाली दीवार पुरानी और जर्जर थी, जो नाली के ऊपर बनी थी तथा उसमें कॉलम नहीं था। उनका कहना है कि संबंधित परिवार की क्षतिग्रस्त बाउंड्री को दोबारा बनाकर देने की जिम्मेदारी ली गई है। हालांकि दीवार किन परिस्थितियों में गिरी, निर्माण शुरू करने से पहले उसकी स्थिति का तकनीकी आकलन हुआ था या नहीं और मौके पर पर्याप्त निगरानी व सुरक्षा इंतजाम थे या नहीं इन सवालों का जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

बुकिंग कलर्क कर रहा था टिकिट दलाली, पकड़ा गया

बिलासपुर। करगीरोड कोटा का बुकिंग कलर्क टिकिट की दलाली करते हुए कमाई कर रहा था, जिसे एसईसीआर आरपीएफ की विशेष टीम ने पकड़कर जांच शुरु कर दी है। नवरात्रि और दीपावली पर्व आने के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ बढ़ गई है। यात्रियों को संबंधित स्टेशन से कंफर्म टिकिट के बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं होने से दलालों का चक्कर काटना भी मजबूरी हो गई है। आईआरसीटीसी के साथ रेलवे के आरक्षण कार्यालय में होने वाली आनलाइन व आफलाइन बुकिंग करने वालों को कंफर्म टिकिट के संबंध में पूरी जानकारी होती है, जिसका फायदा यात्रियों ने किराया राशि से अतिरिक्त रकम लेकर उठाते हैं। इसपर रेलवे सुरक्षा बल की टीम लगातार कार्रवाई भी करती है, लेकिन टिकिट दलाली पर अब तक कोई रोक नहीं लग सकी है। इसी तरह की सूचना बुधवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुरक्षा बल की विशेष टीम को हुई। विशेष टीम को सूचना मिली कि करगीरोड कोटा में एक बुकिंग कलर्क चंद्र कुमार विश्वकर्मा टिकिट की दलाली कर रहा है, जो एक टिकिट के पीछे अतिरिक्त राशि भी वसूल करता है। सूचना मिलते ही विशेष टीम ने तत्काल करगीरोड कोटा पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए बुकिंग कलर्क चंद्र कुमार विश्वकर्मा को रंगे हाथों पकड़ लिया। बुकिंग कलर्क दो माह पहले जैतहरी के किसी एजेंट का एल टी टी से गोरखपुर की टिकिट बना रहा था, इसी दौरान आरपीएफ की टीम ने पकड़ लिया।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का हाल

सब इंजीनियरों के नौ पद स्वीकृत, केवल एक की पदस्थापना, अब इनका भी प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में सब इंजीनियरों की भारी कमी चल रही है। शासन के द्वारा जिले में सब इंजीनियरों के नौ पद स्वीकृत किए गए हैं, जिसके विरूद्ध केवल एक की पदस्थापना की गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब उस इकलौते सब इंजीनियर का भी प्रमोशन हो गया है, जिससे पूरा जिला अब सब इंजीनियर विहीन हो चुका है। विभाग द्वारा इस संबंध में मुख्यालय को बार-बार अवगत कराने के बाद भी नतीजा शून्य है।

- सब इंजीनियरों की कमी से अटक रहे सारे काम

जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों को हर घर नल जल घोषित करवाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सब इंजीनियरों की भारी कमी इन दिनों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में देखी जा रही है। सारे ब्लॉक कार्यालयों को मिलाकर जिले में सब इंजीनियरों के कुल नौ पद स्वीकृत हैं, लेकिन इन नौ पदों के विरूद्ध केवल एक सब इंजीनियर विभाग में कार्य कर रहे हैं। विभाग में स्टीमेट से लेकर बिल तैयार करने तक का सारा काम इन्हीं के जिम्में होता है। ऐसे में सब इंजीनियरों की कमी से विभागीय कार्य खासा प्रभावित हो रहा है। विभाग के अनुसार जिले में वर्तमान में पदस्थ एकमात्र सब इंजीनियर मुकेश बहकार का भी अब प्रमोशन हो चुका है, जिससे उनका जाना भी तय है। ऐसे में प्रदेश के दूसरे नंबर के बड़े जिले में स्थापित पीएचई विभाग सब इंजीनियरों की पदस्थापना के नाम पर पूरी तरह शून्य हो जाएगा। विभाग की इस स्थिति के संबंध में प्रदेश स्तर पर जानकारी दी जा चुकी है। स्थिति यहां तक है कि मुख्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली लगभग हर वीसी में उच्चाधिकारियों को इस विषय की जानकारी दी जाती है, लेकिन इसके बाद भी इसका अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

118 सब इंजीनियरों की भर्ती हुई किसी ने नहीं मांगा बिलासपुर

बिलासपुर जिले में ऐसा कौन सा कारण है कि यहां कोई अधिकारी अपनी पदस्थापना ही नहीं चाह रहे हैं। कुछ समय पहले विभाग में 118 नए सब इंजीनियरों की भर्ती की गई है। इस दौरान नवनियुक्त सब इंजीनियरों द्वारा पदस्थापना के लिए अपने पसंदीदा जिलों का विकल्प भरा गया था। विडंबना यह है कि 118 में से नवनियुक्त एक भी सब इंजीनियर ने अपनी पदस्थापना के लिए बिलासपुर का विकल्प नहीं भरा।

अधिकारियों को अवगत कराया गया है

जिले में सब इंजीनियरों के नौ पद स्वीकृत हैं। इसके विरूद्ध केवल एक ही सब इंजीनियर यहां पदस्थ हैं। विभाग का काम जैसे-तैसे संपन्न हो रहा है। अब उन इकलौते सब इंजीनियर का भी प्रमोशन हो चुका है, जिससे यहां अब इसकी संख्या शून्य हो जाएगी। मुख्यालय स्तर से ली जाने वाली वीसी में अधिकारियों को लगभग हर बार इस विषय से अवगत कराया जाता है।

-रूपेश धनंजय, ईई पीएचई

लोडर की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

बिलासपुर। फैक्ट्री में गाड़ी पीछे करते समय लोडर की चपेट में आने से एक कर्मचारी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी टीआई यशवंत प्रताप सिंह ने बताया, हरदीकला निवासी राजेश लहरे पिता कुंवरलाल लहरे 39 साल सिरगिट्टी स्थित अग्रवाल स्ट्रक्चर फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की शाम 4 बजे श्री लहरे फैक्ट्री एचपी लोडर से कोयल डंप कर रहे थे। काम बताने के बाद वे पीछे जाकर खड़े हो गए। इसी दौरान एचपी लोडर के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गाड़ी पीछे की और श्री लहरे के ऊपर से गाड़ी का चक्का चल जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

सुमीत बाजार
बिलासपुर में आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹149 प्रति पीस वाले
EXPORT QUALITY 2 X 3 FT
कॉटन दरी कम
पैरदान
3 पीस ₹99
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट
3 पीस पैरदान की कीमत मात्र ₹99

बाजार मूल्य ₹149 प्रति सेट वाले
EXPORT QUALITY 12 X 12 SIZE
बर्तन एवं हाथ पोंछने के लिये
किचन डस्टर या नेपकीन सेट
12 पीस का पैकेट ₹59
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट
12 पीस किचन नेपकीन (डस्टर) की कीमत मात्र ₹59

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज पेपर कटिंग लाने पर... स्टॉक रहने तक दिया जाएगा

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

खबर संक्षेप

न्यौता भोज में बच्चों ने चखे स्वादिष्ट व्यंजन



मुंगेली। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक महेंद्र ठाकुर ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आशीर्वाद का दिया, रंगोली, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं कई प्रकार से स्कूली गतिविधि कराई जा रही है। इसी अभियान के तहत विद्यालय में नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें स्कूली बच्चों को खीर पूड़ी, मिठाई, केला, आचार, पापड़, दाल चावल सब्जी प्रदान किया गया। स्कूली बच्चे नेवता भोजन करके प्रसन्न नजर आये। नेवता भोजन कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक राजेश चतुर्वेदी, संतराम साहू, अमित सोनी, दीप्ती दुबे, प्रमिला कश्यप सहित स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों को मिला पेंशन प्राधिकार पत्र



भरींडांड़। अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्ति के दिन ही 30 सितम्बर को सभी शासकीय सेवकों को पेंशन एवं उपादान प्राधिकार पत्र प्रदान किए, जिससे उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले स्वत्वों के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करना पड़ेगा। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित समारोह में व्याख्याता गिरधारी लाल कश्यप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडी, जितेंद्र सिंह ठाकुर लेखापाल मिश्री देवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरेला, यशोदा राय प्रधान पाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मरवाही, नरेश कुमार सोमावर भृत्य कार्यालय जिला आबकारी तथा सुंदर लाल रजक स्थल सहायक कार्यालय लोक निर्माण विभाग पेंड्रा संभाग शामिल हैं। सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, जिला कोषालय अधिकारी धनेन्द्र सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नागरिकों की सहभागिता से चला स्वच्छता अभियान



लोरमी। नगर पालिका परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के तहत बुधवार को नगर के मुंगेली चौक से नहर तक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान में गुरुद्वारा समिति, कपड़ा व्यवसायी संघ, महामाया मंदिर सेवा समिति, जय दुर्गा गणेश उत्सव समिति एवं वरद गणेश उत्सव समिति की प्रमुख सहभागिता रही। पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार अपने शहर को स्वच्छ रखना भी हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल, पार्षद राजेन्द्र सलूजा, एल्डरमैन विनोद राजपूत, मिंटू अग्रवाल एवं अमिताभ तिवारी, अधिवक्ता रवि शर्मा, दिनेश साहू, अशोक जायसवाल , बनवारी लाल अग्रवाल,जवाहर जायसवाल,सीएमओ चंदन शर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कर्मचारियों की कमी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



लोरमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर एवं डिण्डौरी ब्लॉक के संयुक्त नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को तहसील कार्यालय में लिपिकीय स्टाफ की कमी के चलते आम नागरिक, किसानों एवं छात्रों को हो रही नामांतरण, बटवारा, आय, जाति प्रमाण-पत्र को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर ने कहा कि, जनता के हक की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे है। निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की जवाबदारी प्रशासन की होगी। वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल ने हम सभी कांग्रेस जन-जनता की समस्याओं को लेकर एकजुट हैं। ज्ञापन सौपने में घनश्याम वर्मा, पवन अग्रवाल, लल्ला सिंह ठाकुर, प्रदीप कुमार दुबे, नितेश पाठक, पुरुषोत्तम मारकों, अरूण कुलमित्र, लखन कश्यप, विद्यानन्द चंद्राकर, नीतेश पाठक, धनंनजय दुबे, हेमन्त मानिकपुरी, रानु कश्यप, बंटी खत्री, रमेश कश्यप, सोहन वर्मा, लखन यादव, ललीत धुर्वे, प्रकाश साहू, सुरेश सोनवानी, छोटे लाल बांधेकर, प्रकाश वैष्णव, निहोरा कश्यप, मुकेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, अजीत, प्रतोष ध्रुव, भागवत ढीमर आदि उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री

स्वस्थ बचपन ही मजबूत भविष्य की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कार्यक्रम को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुंगेली विकासखंड के ग्राम चारभाठा एवं सोढ़ार में आंगन मिलन सेवा, मातृ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी ली और हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ एवं उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया, महिलाओं की गोदभराई की तथा महिलाओं को सुपोषण टोकरी का वितरण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन को उनके सेवा कार्यों के लिए प्रमाण पत्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

तोखन साहू ने मुनगा (सहजन) के पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मुनगा पोषण की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनका' के तहत घर-आंगन में मुनगा लगाने से परिवार को पौष्टिक आहार की उपलब्धता बढ़ाने में सहायता मिल सकती है। उन्होंने महिलाओं एवं परिवारों से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन ही मजबूत भविष्य की नींव है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। श्री साहू ने महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को कुपोषण को दूर भगाने एवं सुपोषित रहने का संकल्प भी दिलाया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी विभिन्न पहल की जा रही हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, श्रीमती शीलू साहू, पवन पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पेंड्रा में टैगोर राष्ट्रीय स्मृति परिसर विकसित करने की मांग

पेंड्रा। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा क्षेत्र में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की ऐतिहासिक स्मृतियों को संरक्षित एवं विकसित करने की दिशा में पहल की मांग की गई है। इस संबंध में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र प्रेषित कर पेंड्रा में "गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय स्मृति परिसर" विकसित किए जाने का आग्रह किया है।



■ सांसद ज्योत्सना महंत ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री को लिखा पत्र

सांसद श्रीमती महंत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पेंड्रा प्रवास के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियां इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं। पेंड्रा क्षेत्र का गुरुदेव टैगोर और उनकी पत्नी श्रीमती मृणालिनी देवी से जुड़ा प्रसंग साहित्य एवं संस्कृति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार पेंड्रा में उनके आगमन की स्मृति तथा "फाँकी" कविता से जुड़े प्रसंग को भी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित किए जाने की आवश्यकता बताई गई है। प्रस्ताव में टैगोर स्मारक एवं प्रतिमा परिसर, टैगोर संग्रहालय एवं व्याख्या केंद्र, गुरुदेव के जीवन, साहित्य, पेंड्रा प्रवास एवं छत्तीसगढ़ से उनके संबंधों पर स्थायी प्रदर्शनी, तत्कालीन सेनेटोरियम अथवा उससे संबंधित ऐतिहासिक अवशेषों का संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण तथा डिजिटल अभिलेखागार, पुस्तकालय एवं ऑडियो-विजुअल संग्रह की स्थापना जैसे कार्य शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

सेतगंगा/मुंगेली। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है स्थिति यह है कि अचानक सुबह हो शाम हो या रात हो बिजली दो या तीन चार घंटे गोल हो जाना आम बात हो गई है। पूर्व में भी विभाग के द्वारा मेंटनेंस के नाम पर कई घंटे बिजली बंद किया जा रहा था। वर्तमान में भी जरा सा वर्षा हुई तो बिजली कई घंटे बंद कर दिया जा रहा है। रात हो या दिन किसी भी समय बिजली कटौती कर दी जाती है एक दिन में कई बार बिजली कटौती होना आम बात हो गई है।



अघोषित बिजली कटौती का असर लोगों के साथ साथ व्यापार और निवेश शासकीय कार्यालयों के काम काज पर भी पड़ रहा है बिजली कब बंद हो जाय इसका कोई समय सारणी नहीं है बिजली कटौती से उपभोक्ताओं का जीना मुश्किल हो गया है। बिजली की समस्या को लेकर जब घेराव कर दिए थे जिसके बाद संबंधित अधिकारी के द्वारा जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की बात कही थी परंतु लोगों की समस्या कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है ऐसे में फिर एक बार लोग उग्र आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। अनीश सैमुअल मसीह का कहना है कि पिछले कुछ समय से रोजाना बिजली गुल होना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा है कि विद्युत मंडल के स्थानीय कार्यालय मे फोन करने पर एक ही रटा रटाया जवाब मिलता है कि 33 केवी बंद है कब आएगी हम कुछ नहीं कह सकते। फास्टरपुर क्षेत्र में एक सप्ताह में चार दिन अचानक घंटों बिजली कटौती कर दी जाती है। नीरज केशरवानी का कहना है कि गर्मी हो या बरसात सेतगंगा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होना आम बात हो गई है उन्होंने कहा कि अचानक बिजली कटौती होने से सीधा असर लोगों को पेयजल आपूर्ति पर पड़ता है अधिकारी कर्मचारी को फोन लगाने पर संतोष प्रद जवाब नही मिलता इससे हर वर्ग के लोग परेशान है। आन लाइन सेंटर संचालकों का कहना है कि नगर में बिजली अचानक होने से आन लाइन कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मनीष मसीह का कहना है कि नगर में दिन हो या फिर रात हो अचानक बिजली बिजली बंद होना आम बात हो गई है उन्होंने कहा कि संबधित अधिकारियों को फोन लगाने पर संतोष जनक जवाब नहीं मिलता। सेतगगा फास्टरपुर क्षेत्र के हेमंत आहिरे, केशव सिंह परिहार, नीरज केशरवानी, अनीश सैमुअल मसीह, सनत देवांगन प्रवीण दास मसीह मनीष मसीह, मनीष यादव कन्हैया गुप्ता, योगेश केशरवानी अभिषेक जयसावल, देवराज अंचल, रमाकांत सोनी, राजू सोनी संतोष यादव ने बिजली व्यवस्था अतिशीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है।

तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों में आक्रोश

पथरिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों को पिछले करीब तीन माह से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान शीघ्र कराने की मांग को लेकर कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, जिला मुंगेली को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि विगत 03 माह से वेतन लंबित होने के कारण दैनिक आवश्यकताओं और अन्य आर्थिक दायित्वों को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन नहीं मिलने के बावजूद वे अपने नियमित कार्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि लंबित तीन माह के वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में प्रत्येक माह निर्धारित समय पर वेतन दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है, तो कर्मचारी वेतन भुगतान होने तक कार्य बंद करने के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कोमल साहू,अमित लहरे, प्रवीण मिश्रा, अमित श्रीवास,हर्ष कांत जायसवाल, मंजू देवागन, नवीन बैस, सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

15 अक्टूबर तक मिलेगा सितंबर का राशन

पथरिया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशनकार्डधारियों को बड़ी राहत मिली है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ ने सितंबर एवं अक्टूबर के खाद्यान्न वितरण की समय-सीमा बढ़ा दी है। संचालनालय द्वारा 29 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार, सितंबर माह के लिए जारी खाद्यान्न का वितरण अब 15 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। वहीं अक्टूबर माह के खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। खाद्य अधिकारी पथरिया भानु प्रिया ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सितंबर माह का राशन अब हितग्राही 15 अक्टूबर तक प्राप्त कर सकेंगे।

चित्रकला में अविका व भाषण प्रतियोगिता में उमंग प्रथम



तखतपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों की विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में अविका साहू प्रथम, आस्था कैवर्त ने द्वितीय तथा संकुल निरतु की सिमरन लोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में प्रथम उमंग कुमार श्रीवास अव्वल, द्वितीय समीर खांडे, तृतीय रुद्र सूर्यवंशी रहा। अश्विनी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश का नाम मजबूत राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर रखा है, हर क्षेत्र में देश की स्थिति सुदृढ़ हुई है। कार्यक्रम को नैन लाल साहू, अंकित अग्रवाल, संकेत सामुएल सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अश्वनी शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नैनलाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष, कोमल सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका; शिप्रा सामवेल, अमित मंदानी, विधायक प्रतिनिधि, संकेत सामवेल, गुरदीप कौर, दिलीप तोलानी, अंकित अग्रवाल, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, विजय लक्ष्मी पांडेय उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता ने आभार जताया। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, मौसमी रॉबिन्सन, देहुती कुंजाम, उत्तम वस्त्रकार, संगीता कोसरिया, सीमा त्रिपाठी, वल्लभ रजक,ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुर्रे, नितेश सिंगरौल,अमरदीप शर्मा, लवकान्त द्विवेदी, जितेंद्र ठाकुर, रामभुवन यादव, भरत लाल मार्को, राजेन्द्र नामदेव, सुरेंद्र दुबे, धृकपाल पटेल, आशुतोष श्रीनेत, रोशन शर्मा, विजय कौशिक, बलिराम रात्रे, मनोरमा बर्मन, हीरालाल जांगड़े, प्रज्ञानारायण पाली, रत्नदीप लाल, दीपक कौशिक, धनुष मनहर, दीपक कश्यप, नितेश विमल सोनाराजा, प्रेमलाल जायसवाल, कृष्णा वर्मा, प्रदीप माथुर, राजेश तिवारी, रविन्द्र चतुर्वेदी, मनोज ध्रुवे, दिनेश खरे, दिनेश साहू, वीरेंद्र सिंह ध्रुवे, झाड़ूराम ध्रुव, सतीश जायसवाल, होनहार बैष्णव, दिलेश साहू, सुधीर कौशिक, राहुलदेव भास्कर, कमलेश कौशिक, सुशील साहू, सन्नी मंडावी, प्रेमप्रकाश दुबे उपस्थित रहे।

डीईओ ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

लोरमी। विकासखंड के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक मोहन लाल पटेल जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से निम्न विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय से संबंधित समस्त कार्यों को पूर्ण करना। एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्य पूर्ण करना।छात्रवृत्ति से संबंधित समस्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना।



संकुल समन्वयकों द्वारा विद्यालयों का नियमित शाला अवलोकन कर शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा करना। विद्यार्थियों को 20 तक के पहाड़े नियमित रूप से याद करवाना। विद्यार्थियों में स्वाध्याय की प्रवृत्ति विकसित करने हेतु आवश्यक प्रयास करना। पोर्टल पर विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी संबंधी जानकारी को अद्यतन रखना। विद्यालय के समय-सारणी में संकुल समन्वयक के विद्यालय भ्रमण अवलोकन हेतु दो पीरियड निर्धारित एवं अंकित रखना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निर्धारित समस्त कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना। उपरोक्त के अतिरिक्त विभागीय कार्यों एवं शैक्षणिक गुणवत्ता से संबंधित अन्य आवश्यक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी मोहन लाल पटेल का विकासखंड संकुल शैक्षिक समन्वयकों द्वारा अभिनंदन किया गया।

डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन-3 के लिए पंजीयन शुरू

पेंड्रा। शिक्षक मैत्री समूह द्वारा आयोजित डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन-3 के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर से किया जाएगा। जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खेल के माध्यम से एक मंच पर जोड़ने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि बढ़ाकर 1 लाख 23 हजार रुपये कर दी गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार 61 हजार, द्वितीय 41 हजार और तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर, ऑरेंज कैप, पर्पल कैप, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज सहित अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए जाएंगे। बेस्ट दर्शक और बेस्ट सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को भी सम्मानित किया जाएगा।

भाषण व निबंध स्पर्धा में तुषार व शुभम ने मारी बाजी



मुंगेली। संकुल प्राचार्य पीसी दिव्य के निर्देशन एवं प्राचार्य विजय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय भाषण, चित्रकला एवं निबंध का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में हुआ। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुषार बंजारे, द्वितीय स्थान महेश श्रीवास, तृतीय स्थान सौम्या उपाध्याय, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम बंजारा, द्वितीय स्थान कुनाल देवांगन, तृतीय स्थान चितरेखा खाण्डे, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विनीत पाटले, द्वितीय स्थान समीर मिरी, तृतीय स्थान दीपांजली पाटले रहे। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन में किशन लाल देवांगन, आर.एस. राय, पीसी नेताम, मनोज राठौर, बीके ध्रुव, श्रीमती इंद्राणी यादव, पीएस पैकरा, पीएस परिहार, रत्ना बघेल, लता ठाकुर एवं डॉ. संध्या केशरवानी का योगदान रहा। अंत में प्राचार्य विजय कुमार सोनी द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन करके सम्मानित किया गया।

डिजिटल फ्राड के संबंध में जागरूक किया पुलिस ने

पुलिस ने पेंशनरों एवं ग्रामीणों को दिए सुरक्षा टिप्स

मुंगेली। साइबर जागृति अभियान के तहत पेंशनरों एवं वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जागरूक किया गया। सतनाम भवन में आयोजित संभागीय सम्मेलन में 300 से अधिक पेंशनधारियों को डिजिटल फ्राड, जीवन प्रमाण–पत्र फ्राड एवं साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।

साइबर ठगी की स्थिति में त्वरित सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रदेशव्यापी साइबर जागृति अभियान के अंतर्गत साइबर अपराध मुक्त समाज के निर्माण हेतु निरंतर जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत शुक्ला के पर्यवेक्षण में जिला मुंगेली पुलिस द्वारा शिक्षण संस्थानों, हाट–बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और वित्तीय संस्थानों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 27 सितम्बर को सतनाम भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण बाजपेयी पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं पूर्व आईएएस डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, भवानी साव धर्मादा ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार की उपस्थिति में 300 से अधिक पेंशनधारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित कर किए जाने वाले साइबर अपराधों जैसे कि डिजिटल अरेस्ट, पेंशन/केवाईसी अपडेट के फर्जी लिंक, लॉटरी, अनजान वीडियो कॉल तथा जीवन प्रमाण–पत्र के नाम पर होने वाले बैंक फ्रॉड के तौर–तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सभी उपस्थित पेंशनरों को किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक खाता विवरण, ओटीपी, आधार या सीवीवी नंबर साझा न करने की सख्त समझाइश दी। इसी कड़ी में जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम खुड़िया के साप्ताहिक बाजार में पुलिस टीम उप निरीक्षक सीमा, हर्षा वर्मा, सउनि मधुकर रात्रे एवं आरक्षक बबीता श्रीवास द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया गया। टीम ने बाजार में आए पर्यटकों, ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों को सरल व स्थानीय भाषा में सोशल मीडिया फ्रड, फर्जी लोन ऐप और यूपीआई ठगी के खतरों से आगाह किया।



डिजिटल फ्राड के संबंध में जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ नागरिकः माधवी



तखतपुर। ग्राम पंचायत खैरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में बच्चों, माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं ग्रामीणजनों के साथ आत्मीय संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम में बच्चों के स्वस्थ विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता' आयोजित की गई. इस दौरान बच्चों को पोषण आहार एवं संतुलित भोजन के महत्व की जानकारी दी गई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि समाज के प्रति निःस्वार्थ भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों के सेवा-समर्पण को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इन कर्मठ महिलाओं की सेवाएं स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।